रोहतक
शुक्रवार, 21 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 145
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00



मौसम
अधि. 41.2
न्यून. 27.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

## अंदर के पन्नों पर


- शाह से मिले बिप्लब, प्रदेश की राजनीति पर मंथन पेज-2
- फतेहाबाद में साले ने जीजा और पत्नी की हत्या की पेज-3
- लू से 110 लोगों की जान गई, यूपी सबसे ज्यादा प्रभावित पेज-8


## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स 141 अंक चढ़कर नए शिखर पर पहुंचा

**मुंबई।** तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह 141.34 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ नई ऊंचाई 77,478.93 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 51 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 23,567 अंक पर बंद हुआ। भाषा

### क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस पर 18.82 करोड़ जुर्माना

**नई दिल्ली।** वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने धन शोधन रोधक कानून का उल्लंघन करने के लिए दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज में से एक बाइनेंस पर 18.82 करोड़ का जुर्माना लगाया है। एफआईयू ने एक आदेश जारी कर एक्सचेंज पर धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक रिपोर्टिंग इकाई के रूप में काम नहीं करने का आरोप लगाया। इसका संचालन एक वर्चुअल डिजिटल एसेट सेवा प्रदाता के रूप में है। भाषा

### पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की मौत

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की



बालकनी से गिरने के कारण मौत हो गई और यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या आत्महत्या का मामला है। भारत के लिए दो टेस्ट खेलने वाले जॉनसन 52 वर्ष के थे। कर्नाटक पुलिस ने बयान में कहा,'लगता है डेविड जॉनसन कोथनूर के कनक श्री लेआउट में अपने अपार्टमेंट से गिर गए।

*(खेल पेज भी देखें)*

### भर्तृहरि महताब लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर बने

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बताया कि 7 बार के लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब को निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम) नियुक्त किया गया है। महताब नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में काम करेंगे। के. सुरेश, टीआर बालू, राधा मोहन सिंह,फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय उनकी सहायता करेंगे। एजेंसी

राजस्थान, कलकत्ता और बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर याचिकाएं क्लब की
अब हाईकोर्ट में नहीं होगी सुनवाई

# नीट काउंसलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का फिर इनकार, केंद्र और एनटीए को नोटिस

## सभी याचिकाओं पर सुनवाई 8 को, कहा-आखिरी सुनवाई में परीक्षा रद हुई तो काउंसलिंग भी रद

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024' को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष नीट परीक्षा से संबंधित लंबित याचिकाओं पर आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि आखिरी सुनवाई के बाद परीक्षा रद होती है तो काउंसलिंग भी रद हो जाएगी। इससे पहले 11 जून को भी सुप्रीम कोर्ट ने यह अपील खारिज कर दी थी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में परीक्षा रद करने की मांग वाली नई याचिका पर सुनवाई हुई। यह अर्जी 49 छात्रों और स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने लगाई थी। इस पर अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ताओं ने एग्जाम में 620 से ज्यादा स्कोर वाले छात्रों का बैकग्राउंड चेक करने और फोरेंसिक जांच करने की मांग की है। वहीं, पेपर लीक के आरोप की सीबीआई जांच की भी मांग की है। कोर्ट में इसी मामले की सुनवाई चल रही है।

### चार याचिकाओं पर नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, कलकत्ता और बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं को क्लब कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इनमें उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। जैसे ही पीठ ने एनटीए की याचिकाओं पर नोटिस जारी किए, एजेंसी की ओर से पेश वकील ने आग्रह किया कि उच्च न्यायालय के समक्ष इन मामलों में कार्यवाही रोक दी जाए।

### 67 छात्रों का 720 अंक मिले

एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त किए, जिनमें हरियाणा के फरीदाबाद के एक ही केंद्र के छह छात्र शामिल हैं। इसके बाद परीक्षा को लेकर संदेह पैदा हो गया। दिल्ली में 10 जून को बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रदर्शन किया और कथित धांधली की जांच की मांग की। आरोप हैं कि कृपांक की वजह से 67 छात्र परीक्षा में अव्वल आए।

### यूजीसी-नेट में गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली, छात्र हित में रद की परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद किए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को शिक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली थी, बल्कि उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए छात्रों के हितों को देखते हुए इसे रद किया गया। शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने कहा कि जानकारी का ब्योरा साझा नहीं किया जा सकता, क्योंकि मामला सीबीआई को सौंप दिया गया है और जांच जारी है। जायसवाल ने कहा, 'कोई शिकायत नहीं मिली, लेकिन एजेंसियों से हमें जो सूचनाएं मिलीं उनसे संकेत मिला कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए छात्रों के हितों को देखते हुए यह कदम उठाया गया।' जायसवाल ने कहा, 'परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी।' शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है। बता दें कि यह परीक्षा 18 जून को हुई थी।

केंद्र ने कहा-जल्द परीक्षा की नई तारीख का ऐलान किया जाएगा



### 23 जून को पुनर्परीक्षा में 3 अभ्यर्थी नहीं होंगे शामिल

दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 जून को होने वाली राष्ट्रीय अर्हता प्रवेश परीक्षा (नीट) स्नातक (यूजी) 2024 की पुनर्परीक्षा में समय के नुकसान के आधार शामिल होने देने की अनुमति मांग रहे तीन अभ्यर्थियों की याचिका खारिज कर दी है और कहा है कि उनकी याचिका में दम नहीं है।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि पांच मई को हुई परीक्षा में समय की बर्बादी के कारण उन्हें क्षति हुई जिसके लिए उन्हें न तो अतिरिक्त समय देकर और न ही कोई कृपांक देकर कोई भरपाई की गई। लेकिन, उच्च न्यायालय ने कहा कि उन्हें परीक्षा केंद्र में ही अतिरिक्त समय दिया गया क्योंकि प्रारंभ में दिए गए प्रश्नपत्र को बदलना पड़ा था। न्यायमूर्ति मनोज जैन की अवकाशकालीन पीठ ने यह आदेश दिया।

कृपांक मामला

### नीट रीएग्जाम-एडमिट कार्ड जारी, 23 को होगी परीक्षा

एनटीए ने नीट-यूजी रीएग्जाम का एडमिट कार्ड गुरुवार को जारी कर दिया। नीट रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 अभ्यर्थी के लिए 23 जून को रीएग्जाम होगा। इस परीक्षा का रिजल्ट 30 जून तक जारी कर दिया जाएगा। संशोधित रिजल्ट जारी होने के बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया 6 जुलाई से शुरू होगी। इस एग्जाम में जो कैंडिडेट्स शामिल होंगे, उन्हें एनटीए ईमेल के जरिए एडमिट कार्ड की जानकारी भेजेगा। जारी नोटिस में एनटीए ने जानकारी दी है कि 1563 कैंडिडेट्स के स्कोरकार्ड रद कर दिए हैं। इन सभी कैंडिडेट्स को उनके ओरिजिनल स्कोर ईमेल पर भेज दिए जाएंगे। केवल उन्हीं कैंडिडेट्स को रीएग्जाम में शामिल होना है, जिन्हें एनटीए का ईमेल आएगा। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए परीक्षा में 1563 कैंडिडेट्स को दिए गए ग्रेस मार्क्स के खिलाफ कई कैंडिडेट्स ने याचिका दायर की थी।

ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, 30 को आएगा रिजल्ट

### प्रधान बोले-नीट से समझौता नहीं

### एनटीए के लिए हाईलेवल कमेटी गठित की जाएगी



नीट परीक्षा विवाद पर केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि परीक्षा के साथ समझौता नहीं होगा। एग्जाम को जीरो एरर बनाया जाएगा। एनटीए के लिए हाईलेवल कमेटी गठित होगी, जो इसको और बेहतर करने के लिए सिफारिश देगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में हमें बिहार सरकार की ओर से लगातार संपर्क में हैं और पटना से हमें कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है। पटना पुलिस के पास कुछ जानकारी आई जो सबसे सामने भी है। डिटेल्ड रिपोर्ट जल्द भारत सरकार को भेजेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे वो एनटीए हो या एनटीए से जुड़ा कोई अधिकारी हो, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे वो एनटीए हो या एनटीए से जुड़ा कोई अधिकारी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

### पेपर लीक नहीं रोक पा रहे पीएम



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेटऔर नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर रोकना नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है और जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाता तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। विपक्ष संसद सत्र में इस मुद्दे को जोर शोर से उठाएगा।


## स्विस बैंकों में जमा भारतीयों का धन 70 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली/ज्यूरिख (भाषा)।** स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है। यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं।

चार साल के निचले स्तर पर आया, अब सिर्फ 9771 करोड़ रुपये ही जमा


## चिनाब ब्रिज पर चली ट्रेन

**जम्मू।** चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे आर्च ब्रिज पर गुरुवार को ट्रेन का ट्रायल रन पूरा हो गया। इससे पहले 16 जून को इस पर इलेक्ट्रीक इंजन का ट्रायल किया गया था। इस रुट पर 30 जून से ट्रेन दौड़ेगी। यह ब्रिज संगलदान और रियासी के बीच रेलवे लाइन का हिस्सा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।




- **1.3** किलोमीटर लंबा है चिनाब नदी पर बना यह ब्रिज
- **359** मीटर ऊंचाई पर बना ब्रिज एफिल टावर से भी ऊंचा
- **20** साल में बनकर तैयार हुआ
- **8-10** घंटे का सफर कम होगा, ब्रिज शुरू होने पर मिलेगी राहत
- **17** पिलर पर खड़ा है ब्रिज, कारीगरी का बेहतर नमूना

## अरविंद केजरीवाल को शराब नीति मामले में मिली जमानत



**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। वे शुक्रवार को जेल से बाहर आ सकते हैं। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर केजरीवाल को यह राहत दी। अदालत ने केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आग्रह भी खारिज कर दिया। न्यायाधीश ने नियमित जमानत के लिए केजरीवाल द्वारा दायर किए गए आवेदन पर अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश दिया। इससे पहले अदालत ने बुधवार को इस मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक के लिए बढ़ा दी थी।

दिल्ली के सीएम आज आ सकते हैं जेल से बाहर
ईडी जमानत के खिलाफ अपील करेगी

## बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने रद किया

- एससी-एसटी और ओबीसी-ईबीसी आरक्षण 50% से 65% किया था
- शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में दिया जाना था आरक्षण
- बिहार के डिप्टी सीएम बोले, हम फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**पटना (एजेंसी)।** पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के आरक्षण सीमा बढ़ाए जाने के फैसले को गुरुवार को खारिज कर दिया। राज्य सरकार



ने शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में एससी-एसटी और ओबीसी-ईबीसी को 50 फीसदी से बढ़ाकर 65 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। पटना हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की बेंच ने गौरव कुमार और अन्य की याचिकाओं पर 11 मार्च को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इधर, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। इधर, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सरकार को आरक्षण विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट नहीं गई तो हम जाएंगे।

### क्यों रद किया फैसला

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि रिजर्वेशन इन कैटेगरी की आबादी की बजाय इनके सामाजिक और शिक्षा में पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए। बिहार सरकार का फैसला संविधान के अनुच्छेद 16(1) और अनुच्छेद 15(1) का उल्लंघन है। अनुच्छेद 16(1) राज्य के तहत किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए समानता का अवसर प्रदान करता है। अनुच्छेद 15(1) किसी भी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाता है। जातीय गणना की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद सरकार ने आरक्षण का दायरा बढ़ाया था।

**तैयारी पूरी** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज : दुनियाभर में लोग करेंगे अनुलोम-विलोम

स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में योग दिवस मनाने के लिए सभी राज्यों को लिखा पत्र

## पीएम मोदी जम्मू पहुंचे, आज डल झील किनारे करेंगे आसन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/श्रीनगर

दुनियाभर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शुक्रवार को सुब पूरी दुनिया अनुलोम-विलोम करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गुरवार को जम्मू-कश्मीर पहुंच गए हैं। मोदी 21 जून को योग दिवस पर सुबह 6.30 बजे से कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत एसकेआईसीसी के बैकयार्ड में डल झील के किनारे योग आसन करेंगे। इस दौरान करीब 7,000 लोग उनके साथ योग करेंगे। कुछ लोगों को विभिन्न आसनों की ट्रेनिंग दी गई है।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले योग अभ्यास करते सीआईएसएफ के जवान। फोटो : एजेंसी

### आतंकी हमले करने वालों को सबक सिखाएंगे

जम्मू के कई जिलों में हुए आतंकी हमलों पर पीएम मोदी कहा-हमारी सरकार ने हालिया हुए आतंकी हमलों को गंभीरता से लिया है। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में हिचकिचाएंगे नहीं।

### पीएम मोदी ने कश्मीर को दी 3300 करोड़ की सौगात



लोकसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर के पहले दौरे पर पहुंचे पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आज सही मायने में संविधान लागू हुआ है, क्योंकि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1,500 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने 1,800 करोड़ की कृषि और संबद्ध क्षेत्र की परियोजनाओं की भी शुरुआत भी की। इन परियोजनाओं को केंद्र शासित प्रदेश के 20 जिलों के 90 प्रखंडों में लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

**आदेश** दोनों सीटें भाजपा ने जीतीं, कांग्रेस उम्मीदवार जांच करेंगे

कांग्रेस उम्मीदवारों ने वोटिंग गड़बड़ी की शिकायत की थी
ईसीआई का अहम फैसला ऐसा पहली बार किया जा रहा

## करनाल-फरीदाबाद लोकसभा सीटों की ईवीएम चेक होंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

चुनाव आयोग ने हरियाणा की 2 लोकसभा सीटों पर चुनाव में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की जांच के आदेश दिए हैं। इनमें करनाल और फरीदाबाद सीट शामिल हैं। इनकी अब ईवीएम चेक कराई जाएंगी। करनाल से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं। इन दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका जताई गई थी। इसे लेकर चुनाव आयोग में शिकायत भी की गई थी।

### कांग्रेस प्रत्याशियों ने जताई गड़बड़ी की आशंका

- करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। वहीं, फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी।

### इन राज्यों में भी जांच होगी

- इसके अलावा चुनाव आयोग ने चुनाव आयोग ने हरियाणा के अलावा आंध्र प्रदेश की एक सीट के 2 बूथों, छत्तीसगढ़ की एक सीट के 4 बूथों, महाराष्ट्र की एक सीट के 40 बूथों, तमिलनाडु की 2 सीटों के 20 बूथों और तेलंगाना की एक सीट के 20 बूथों की ईवीएम चेक कराने का भी फैसला लिया है।

### इन दोनों सीटों पर भाजपा जीती

- करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को हराया। मनोहर यहां से 2 लाख 32 हजार 577 वोटों के बड़े अंतर से जीते थे। इसके बाद वह मोदी 3.0 कैबिनेट में शहरी विकास एवं आवास और ऊर्जा मंत्री बन चुके हैं।
- फरीदाबाद सीट पर कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। गुर्जर ने यह सीट 1 लाख 72 हजार 914 वोटों के अंतर से जीती थी। जीत के बाद गुर्जर भी लगातार तीसरी बार मोदी कैबिनेट में केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए गए हैं। उन्हें अमित शाह के साथ सहकारिता विभाग दिया गया है।
- करनाल लोकसभा सीट से करनाल में 2 ईवीएम और पानीपत सिटी की 2 ईवीएम चेक कराई जाएंगी। यानी करनाल लोकसभा सीट की 4 ईवीएम चेक की जाएंगी।
- फरीदाबाद लोकसभा सीट के बड़खल बूथ की 2 ईवीएम चेक कराई जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### भिवानी कष्ट निवारण समिति की बैठक 24 को

**चंडीगढ़।** प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव तथा खेल राज्य मंत्री संजय सिंह आगामी 24 जून को भिवानी में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति भिवानी की बैठक 24 जून को सुबह 11 बजे होगी। बैठक में राज्य मंत्री के समक्ष 12 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।

### 24 करोड़ से बनेगा नगर निगम भवन

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के लिए एक और बड़ी सौगात देते हुए नगर निगम के नये भवन का तोहफा दिया है। नगर निगम, बल्लभगढ़ की नई इमारत का जल्द ही निर्माण होगा, इसके लिए सरकार ने 24 करोड़ 8 लाख रुपए की राशि की मंजूरी प्रदान कर दी है। मूलचंद शर्मा ने कहा कि करीब 30 साल से नगर निगम का छोटा सा दफ्तर जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था, जिससे अधिकारियों और आम जनता को काफी परेशानी आ रही थी।

### रोहतक में विकास कार्यों को 62.48 करोड़ मंजूर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत रोहतक जिले में 62.48 करोड़ रुपये की लागत की चार प्रमुख परियोजनाओं के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं में 2.13 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जेएलएन नहर से पम्पिंग के माध्यम से कच्चे पानी की व्यवस्था और नहर से कबूलपुर, रोहतक के जलघरों तक डीआई पाइप बिछाना शामिल है। 6.33 करोड़ रुपये मदीना गिंधराण-II में पेयजल योजना में खर्च होंगे।


**दोनों नेताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीस मिनट तक की चर्चा**

# शाह से मिले बिप्लब, प्रदेश की राजनीति पर किया मंथन

## हरियाणा के चुनाव सहप्रभारी बनने के बाद देब पहली बार केंद्रीय गृहमंत्री से मिले

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब ने गुरुवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हरियाणा विधानसभा के निमित्त चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद बिप्लब कुमार देब की शाह से पहली मुलाकात रही। जानकारी के मुताबिक अमित शाह के साथ बिप्लब देब लगभग 20 मिनट तक रहे और इस दौरान दोनों के बीच हरियाणा की वर्तमान राजनीति परिस्थितियों को लेकर भी बातचीत हुई। बिप्लब कुमार देब हरियाणा भाजपा के प्रदेश प्रभारी भी हैं और फिलहाल बिप्लब को हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ प्रदेश में चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। बिप्लब कुमार देब ने अमित शाह के साथ मुलाकात की फोटो सोशल मीडिया एक्स पर डालते हुए लिखा देश के केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करके मार्गदर्शन प्राप्त किया। इससे पहले देब गुरुवार दोपहर केंद्रीय गृहमंत्री शाह से मिलने पहुंचे और पुष्प गुच्छ भेंट किया। दोनों नेताओं में राजनीतिक व



संगठनात्मक विषयों पर चर्चा भी हुई। बता दें कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद श्री देब इससे पहले कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उर्जा मंत्री मनोहर लाल से भी मिल चुके हैं। सांसद एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी बनने के बाद अमित शाह से भी बिप्लब देब की पहली मुलाकात थी।

### चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान का 23 को रोहतक में होगा नागरिक अभिनंदन

**रोहतक/चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर फिर से जबरदस्त तरीके से एक्टिव हुई हरियाणा भाजपा ने विधानसभा चुनाव प्रभारियों और नवनिर्वाचित सांसदों का भव्य नागरिक अभिनंदन कर प्रदेश भर में माहौल बनाने की योजना तैयार की है। विधानसभा चुनाव प्रभारी बनने के बाद 23 जून को पहली बार हरियाणा पहुंच रहे धर्मेंद्र प्रधान, बिप्लब कुमार देब का भव्य स्वागत की तैयारी में भाजपा ने पूरी ताकत झौंक दी है। 23 को चुनाव प्रभारियों के साथ-साथ नवनिर्वाचित पांचों सांसदों का भी रोहतक में भव्य नागरिक अभिनंदन करके भाजपा कार्यकर्ताओं में विधानसभा चुनाव के लिए जीत का जोश भरा जाएगा। इस संबंध में चल रही तैयारियों पर रोहतक में भाजपा कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि इस नागरिक अभिनंदन को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। ग्रोवर ने दावा भी किया कि भाजपा हरियाणा में भी जीत की हैट्रिक लगाकर इतिहास रचेगी।


**कार्यालय नगर पालिका उकलाना**

**निमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उकलाना शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जनता स्कूल) उकलाना मण्डी (हिसार) में दिनांक 21 जून 2024 को सुबह 6:00 बजे से 07:30 बजे तक 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है।

आप सभी इस योग कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है।

सचिव,
नगरपालिका उकलाना।





# कांग्रेस ने की विधानसभा भंग करने की मांग

**नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा**



**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर एक बार फिर प्रदेश विधानसभा को भंग करने और राष्ट्रपति शासन लागू कर जल्द चुनाव के निर्देश देने की मांग उठाई है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने पहुंचा। ज्ञापन में पार्टी ने कहा कि मौजूदा मुख्यमंत्री हाल ही में हुए करनाल उपचुनाव से विधायक चुने गए हैं। फिर भी भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। बीजेपी विधायकों की संख्या 41 ही है। इसके अलावा सरकार को हलोपा के एक विधायक और एक निर्दलीय का समर्थन हासिल है। यानी समर्थन देने वाले विधायकों की संख्या कुल 43 ही है। जबकि वर्तमान समय में सदन के विधायकों की संख्या 87 है और बहुमत का आंकड़ा 44 है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अगर वर्तमान सरकार खरीद-फरोख्त व अन्य असंवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल ना करे तो उसके पास सदन में बहुमत नहीं है। इसलिए संविधान के रक्षक के तौर पर राज्यपाल को अल्पमत की सरकार को तुरंत बर्खास्त करके राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए। उन्हें अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संविधान की गरिमा व पवित्रता को बरकरार रखना चाहिए। साथ ही राज्य के लोगों को बहुमत की सरकार चुनने का अवसर प्रदान करने के लिए विधानसभा चुनाव नियमानुसार करवाने के आदेश पारित करने चाहिए।राज्यपाल से मुलाकात के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार को नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।


HSIIDC | Government of Haryana

**Vivadon ka Samadhan**

One Time Settlement Scheme for Plot Cost Dues

**100%** Waiver of Penal Interest

**25%** Waiver of Overdue Interest

Closing Date for Applying: 30.06.2024

Scheme applicable on clearance of entire outstanding amount on account of plot cost, enhanced cost and maintenance charges etc. by 30.09.2024.

End to End online process through www.hsiidcesewa.org.in

For terms & conditions of visit our web portal www.hsiidcesewa.org.in or contact the concerned Estate Manager.

**Haryana State Industrial & Infrastructure Development Corporation**

Regd. Office: C-13 & 14, Sector-6, Panchkula, Ph. 0172-2590481-83, E-mail: contactus@hsiidc.org.in, Website: hsiidc.org.in


## लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वाले चालकों पर सख्ती

**चंडीगढ़।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन में लेन ड्राइविंग नियमों की पालना को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को गाड़ी सही लेन में चलाने संबंधी जानकारी दी जाती है और उल्लंघना करने वालों के नियमित चालान किए जा रहे हैं परिणामस्वरूप प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 177 सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश में सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जरूरी है कि लोग यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने बताया कि गत वर्ष लेन ड्राइविंग उल्लंघना को लेकर प्रदेश में 2 लाख 29 हजार 383 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसी प्रकार, इस वर्ष जनवरी-2024 से लेकर मई-2024 तक लेन ड्राइविंग के 1,56,674 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। इसी प्रकार, हरियाणा पुलिस द्वारा लोगों को लेन ड्राइविंग के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष-2023 में 2163 जागरूकता अभियान चलाए गए जिसमें 3,38,068 लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की।

## योग दिवस पर हिसार में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** प्रदेश में 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब हिसार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता तथा हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा भी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि प्रदेशभर में योग दिवस समारोहों में शामिल होने वाले मुख्य अतिथियों के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि जिला अंबाला में अंबाला-I जिलास्तरीय समारोह में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री बनवारी लाल, अंबाला- II में विधायक अनिल विज, बराड़ा में स्थानीय एसडीएम, नारायणगढ़ में स्थानीय नगर परिषद अध्यक्ष रिंकी वालिया, साहा में स्थानीय एसडीएम और शहजापुर में अंबाला जिला परिषद अध्यक्ष राजेश लाडी मुख्य अतिथि होंगे।इसी तरह, जिला भिवानी में जिलास्तरीय समारोह में वित्त मंत्री जेपी दलाल, लोहारू में सांसद धर्मबीर व अन्य नेता व अधिकारी हिस्सा लेंगे।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़, चार लड़कियों सहित आठ काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

- आरोपियों से दस मोबाइल व चार लैपटॉप बरामद

साइबर क्राइम थाना साउथ पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए चार लड़कियों सहित आठ ठगों को गिरफ्तार किया है। पालम विहार में चलाए जा रहे कॉल सेंटर से आरोपी विदेश में नौकरी के नाम पर युवाओं से 2 से 3 लाख रुपए की ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों से 10 मोबाइल फोन व 4 लैपटॉप बरामद कर कार्रवाई शुरु कर दी है। दरअसल, साइबर क्राइम थाना साउथ पुलिस को सूचना मिली कि पालम विहार एरिया में अवैध/फर्जी तरीके से कॉल सेंटर चलाकर विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से ठगी की जा रही है। जिसके बाद एसीपी सोहना विपिन अहलावत के निर्देष कार्य करते हुए साइबर क्राइम थाना साउथ के प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष कुमार की टीम ने मौके पर रेड की। पुलिस ने वहां से चार युवतियों सहित आठ ठगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से दस मोबाइल फोन, व चार लैपटाप बरामद किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दल्ली के नरेंद्र कुमार, रवि कुमार, रंजन कुमार, काजल, हरियाणा जींद के वक्रिांत सिंह, यूपी के आजमगढ़ निवासी गरिमा, मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी एगनेश फ्रानेश, राजस्थान के गंगानगर निवासी साहिल पूनिया के रुप में निवासी गांव डक्तिानिया गंगानगर (राजस्थान) के रुप मे हुई।

**वेबसाइट के जरिए विदेशों में नौकरी के नाम पर करते ठगी:** आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने इंटरनेशनल जॉब सोल्यूशन डॉट काम के नाम से वेबसाइट बनाई हुई थी। वे साइन डॉट काम से नौकरी की तलाश करने वाले लोगों का डाटा लेकर उनसे कांटेक्ट करते। उन्हें विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देते और उन्हें अपने वश्विास में लेकर उनके साथ धोखाधड़ी व ठगी की वारदात को अंजाम देते। ये नौकरी लगवाने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 2 से 3 लाख रुपए की ठगी करते थे। लोगों से ठगी हुई राशि को ये फर्जी बैंक खाते में डलवाते थे। फर्जी बैंक खाते इनका अन्य साथी इनको उपलब्ध करवाता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़कों की होगी मरम्मत : सीएम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दो जिलों भिवानी और सिरसा में 3 एमडीआर (प्रमुख जिला सड़कों) की विशेष मरम्मत एवं सुधार के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना पर 35 करोड़ से अधिक की लागत आएगी। सड़कों के मरम्मत से विकास को गति मिलेगी।


**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें यहां नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कहा गया। कर्जदार द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी।

"कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह- कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री संजय, श्री विष्णु, श्रीमती ओम वती, संजय मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10384535) | अग्रलिखित के सभी भाग व हिस्से :- गांव लुहारी जाटू, लाल डोरा, तहसील बवानी खेड़ा, जिला भिवानी, हरियाणा-127032 में स्थित प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 6112700415, माप 146.068 वर्ग मी., क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1572.00, 968.00, 774.00 | रु. 910040.00/- (रुपये नौ लाख दस हजार चालीस केवल) | 09-अप्रैल-2024 | 18-जून-2024 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल -एससीओ 408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001/अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 21.06.2024 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चरखी दादरी | चरखी दादरी जिले में प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, चरखी दादरी में सीएचसी बोंद कलां में खण्ड जन स्वास्थ्य इकाई (बीपीएचयू) का निर्माण। | 18.06.2024 28.06.2024 | 39.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज हिसार | खारी ब्लॉक उकलाना - हिसार जिले में कब्रिस्तान में आयरन शैड का निर्माण (एचआरडीएफ) + 6 कार्य। | 19.06.2024 09.07.2024 | 328.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | माजरा, नारनौंद, बेरवाल चौपाल को पूरा करना (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 45.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज हिसार | अनिपुरा, हांसी1, सामान्य चौपाल की मरम्मत + 10 कार्य। | 18.06.2024 01.07.2024 | 71.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रायपुर रानी, पंचकूला | गोलपुरा - गांव गोलपुरा, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में एससी शमशान घाट में आईपीबी को बिछाना, स्कीम एसडीए + 5 कार्य। | 19.06.2024 24.06.2024 | 38.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9646881091 sdopr.raipurrani@ymail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | टोहाना, जिला फतेहाबाद में नये बस स्टैंड का निर्माण (सीएम घोषणा सं. 9768 दिनांक 30.12.2014 (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम, फायर अलॉर्म और पीए सिस्टम, एलएएन और ईपीएबीएक्स सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 19.06.2024 02.07.2024 | 36.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | वन विभाग हरियाणा सोनीपत | खरखौदा ब्लॉक में नर्सरियों समेत वानिकी कार्य। | 18.06.2024 24.06.2024 | 24.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302988833 dfosonipat@yahoo.co.in |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव डेरा पिंडोरिया, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में डेरा कुलवंत सिंह पुत्र लाल सिंह से आईएलपीबी गली का निर्माण, वीएएनजीवाई 2023-24 + 2 कार्य। | 18.06.2024 01.07.2024 | 25.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | आरडी 0 से आरडी 11500 तक भोजराज सब माइनर की पुनः स्थापना + 1 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 119.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237870 xenwsdnhsrhsr@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद अम्बाला | एसएचसी - गांव तोबा ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 14.06.2024 28.06.2024 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2975281 zpexenambala@gmail.com |
| 11 | जिला परिषद अम्बाला | एसएचसी - गांव कल्पी ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 12.06.2024 25.06.2024 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2975281 zpexenambala@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना, ब्लॉक सोनीपत में स्वागत द्वार का निर्माण + 20 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 181.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दोदवा ब्लॉक सोनीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 44.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में बीसी चौपाल के पिछली तरफ जोहड़ पर गऊ घाट का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 15 कार्य। | 17.06.2024 22.06.2024 | 94.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव रिंढाना में ऐंज पेविंग रास्ता पर ब्रिक का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 64.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में भट्टू कलां में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की विशेष मरम्मत। | 18.06.2024 25.06.2024 | 12.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलकारा, ब्लॉक झोझू कलां में मुख्य चौपाल में हॉल का निर्माण, (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 18.06.2024 25.06.2024 | 50.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव कलियाना, ब्लॉक झोझू कलां में कलियाना से कलाली तक रास्ता का निर्माण (स्कीम-डीएमएफ)। | 13.06.2024 02.07.2024 | 51.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज पानीपत | गांव अलुपुर, ब्लॉक मडलौडा, जिला पानीपत में धनतान पाना चौपाल के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 20 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 285.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 20 | लोनिवि भ व प जीन्द | देवीलाल चौक से यमुना पुल तक एनएच-709ए के विभिन्न स्थानों पर स्पीड कम करने के उपायों के कार्य हेतु डीएनआईटी। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 3.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896223743 eepdnhjind1@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | बक्शीवाला - गांव बक्शीवाला, जीपी बक्शीवाला, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल की मरम्मत और रखरखाव + 4 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 12.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 22 | लोनिवि भ व प सिरसा | 5 अदद सड़कों को चौड़ा करने/मजबूतीकरण, आईपीबी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. नाथोर से मामेरखेड़ा बचेर रोड कि.मी. 0 से 2.47 तक रोड पर चौड़ा करना/मजबूतीकरण (रोड आईडी : 11009), 2. बचेर कि.मी. 0 से 1.06 पर कनेक्टिंग लिंक रोड से लोनिवि रोड तक रोड पर चौड़ा करना/मजबूतीकरण आईपीबी (रोड आईडी : 11006), 3. नाथोर से ढाणी भुतरान कि.मी. 0 से 2.93 तक रोड पर चौड़ा करना/मजबूतीकरण/आईपीबी (रोड आईडी : 11007), 4. नाथोर (रोड आईडी : 11005) कि.मी. 0 से 0.84 पर कनेक्टिंग लिंक रोड से लोनिवि रोड तक रोड पर चौड़ा करना / मजबूतीकरण / आईपीबी का प्रावधान, 5. हैड-5054 (डब्ल्यू.पी. 2024-25) ग्रुप-1) (जीएसटी के बिना) के तहत रानियां निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में सिरसा ओट्टू रानियां डबवाली (एसओआरडी) रोड से मामेरखेड़ा कि.मी. 0.0 से 5.51 तक रोड पर 20 मिमी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी : 5933) + 4 कार्य। | 19.06.2024 04.07.2024 | 2055.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 23 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | रेवाड़ी जिले में रेवाड़ी में सेक्टर-19 में आबकारी एवं कराधान विभाग के लिए जिला मुख्यालय कार्यालय भवन के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास + 1 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 28.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 24 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | फरीदाबाद जिले में गांव छैनसा, तहसील बल्लभगढ़ में श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। | 14.06.2024 21.06.2024 | 19.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 25 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | जनरेटिंग सैट्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु। | 20.06.2024 15.07.2024 | 430 लाख | https://etenders.hry.nic.in www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 26 | वन विभाग हरियाणा, झज्जर | आवास आरओ झज्जर और रैंज ऑफिस झज्जर तथा आवास आरओ बहादुरगढ़ की मरम्मत और पेंट। | 19.06.2024 26.06.2024 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfojajjar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/520/27006/I/88/6 दि. 20.06.24



हरियाणा सरकार

**प्राणायाम और योगध्यान**
**स्वस्थ तन, मन ऊर्जावान**

"जब हम योग करते हैं तो हम शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से संतुष्ट महसूस करते हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सामंजस्य एवं शान्ति के लिए योग



**राज्य स्तरीय समारोह**

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**दिनांक** - 21 जून, 2024 **समय** - प्रातः 5:30 बजे से
**स्थान** - महाराणा प्रताप स्टेडियम,
गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार

"प्यारे प्रदेशवासियों, आप सबको अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई व शुभकामनाएं। शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शिक्षा का मूलमंत्र योग हमारे जीवन जीने की सच्ची कला है। हर रोज करो योग, जीवन भर रहो निरोग।"

**- नायब सिंह**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू-आर कोड स्कैन करें

**वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से योग एवं व्यायामशालाओं का**
**24 गांवों में उद्घाटन | 69 गांवों में शिलान्यास**
**अब प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर कुल 807 योग एवं व्यायामशालाएं हो जाएंगी**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


## खबर संक्षेप

### ताप बिजली संयंत्रों के पास कोयला भंडार बढ़ा



**नई दिल्ली।** ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) में कोयला भंडार 16 जून को सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4.5 करोड़ टन हो गया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि टीपीपी को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए वह लगातार प्रयासरत है।

### डीजीसीए ने समुद्री विमान के लिए नियम किए आसान



**मुंबई।** विमानन नियामक डीजीसीए ने सरकार की प्रमुख क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के तहत समुद्री विमान परिचालन से जुड़े नियमों को आसान बना दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि संशोधित मानदंड बुनियादी ढांचा प्रक्रियाओं, पायलट प्रशिक्षण जरूरतों और विनियामक अनुपालन को सुव्यवस्थित करेंगे।

### एलाइड ब्लेंडर्स का आईपीओ 25 जून को खुलेगा




**नई दिल्ली।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाने वाली कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स का 1,500 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 जून को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसके लिए मूल्य दायरा 267-281 रुपये प्रति शेयर तय किया। कंपनी ने घोषणा करते हुए कहा कि आईपीओ 25 से 27 जून तक खुला रहेगा। एंकर (बड़े) निवेशक 24 जून को शेयर खरीद सकेंगे। ब्रोकिंग कंपनियों ने निर्गम के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण 7,860 करोड़ रुपये आंका है।

### विदेश व्यापार महानिदेशालय ने जारी की अधिसूचना

# सरकार ने अफ्रीकी देशों को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कुछ देशों के अनुरोध पर सरकार ने निर्यात की अनुमति दी
- निर्यात की अनुमति एनसीईएल के माध्यम से दी गई
- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने 20 जुलाई 2023 से लगा है प्रतिबंध

सरकार ने दो अफ्रीकी देशों - मलावी और जिम्बाब्वे को 2,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा है कि निर्यात को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से अनुमति दी गई है। हालांकि घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए 20 जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, लेकिन अनुरोध पर कुछ देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर निर्यात की मंजूरी है। मलावी दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका में एक स्थलरुद्ध देश है, जबकि जिम्बाब्वे एक दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्र है।

#### गैर-बासमती चावल निर्यात की अनुमति

अधिसूचना के अनुसार, दोनों देशों को 2,000 टन गैर-बासमती चावल के निर्यात की अनुमति दी गई। डीजीएफटी ने कहा, 'एनसीईएल अधिसूचना के माध्यम से मलावी और जिम्बाब्वे को गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात की मंजूरी।

#### इन देशों के लिए दी गई अनुमति

भारत ने पहले भी नेपाल, कैमरून, कोट डी आइवर, गिनी, मलेशिया, फिलीपींस और सेशेल्स जैसे देशों को ऐसे निर्यात की अनुमति दी है। एनसीईएल एक बहु-राज्य सहकारी समिति है। इसे देश की कुछ प्रमुख सहकारी समितियों द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है।



#### ये समितियां शामिल

इन समितियों में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ), भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको), कृषक भारती सहकारी लिमिटेड (कृभको), और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) हैं। जीसीएमएमएफ को अमूल के नाम से जाना जाता है।

#### कुछ जड़ाऊ स्वर्ण आभूषणों पर आयात प्रतिबंध नहीं



सरकार ने स्पष्ट किया है कि कुछ प्रकार के जड़ाऊ स्वर्ण आभूषणों के आयात पर प्रतिबंध लगाने का उसका निर्णय विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में स्थित इकाइयों पर लागू नहीं होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 11 जून को एक अधिसूचना के माध्यम से इंडोनेशिया और तंजानिया जैसे देशों से इन वस्तुओं के आयात को कम करने के लिए प्रतिबंध लगाए थे।

#### डीजीएफटी ने नीति परिपत्र जारी किया

डीजीएफटी ने एक नीति परिपत्र में कहा, "यह स्पष्ट किया जाता है कि विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) इकाइयों (मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्रों के अलावा) द्वारा किए गए आयात इस अधिसूचना के दायरे से बाहर हैं।" डीजीएफटी ने कहा है कि उसे एसईजेड इकाइयों से ज्ञापन मिले हैं, जिनमें इस अधिसूचना के कारण उनके समक्ष आ रही समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है।

#### एसईजेड प्रमुख निर्यात केंद्र है

प्रतिबंधित श्रेणी के सामान के लिए सरकार से लाइसेंस/अनुमति की जरूरत होती है। एसईजेड प्रमुख निर्यात केंद्र हैं, जिन्होंने पिछले वित्त वर्ष में देश के कुल निर्यात में एक तिहाई से अधिक का योगदान दिया। ये ऐसे क्षेत्र हैं जिन्हें व्यापार और सीमा शुल्क के लिए विदेशी क्षेत्र माना जाता है।

#### घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध

इन क्षेत्रों के बाहर घरेलू बाजार में शुल्क मुक्त बिक्री पर प्रतिबंध है। वित्त वर्ष 2023-24 में इन क्षेत्रों से निर्यात चार प्रतिशत से अधिक बढ़कर 163.69 अरब डॉलर हो गया। सरकार ने ऐसे 423 क्षेत्रों को मंजूरी दी है।

## गेहूं की कीमत स्थिर रखने के लिए सरकार करेगी नीतिगत हस्तक्षेप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है।



- सहकारिता मंत्री शाह ने अधिकारियों को कड़ी नजर रखने कहा

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है। आंकड़े दर्शाते हैं कि, 20 जून तक गेहूं का औसत खुदरा मूल्य 30.99 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो एक साल पहले 28.95 रुपये था, जबकि गेहूं के आटे की कीमत पिछले साल 34.29 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 36.13 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मंत्रियों ने बैठक के दौरान गेहूं के स्टॉक और कीमतों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा, 'केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखी जाए और देश के उपभोक्ताओं के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के

#### केंद्रीय पूल के लिए 2.66 करोड़ टन गेहूं खरीदा

इस साल 18 जून तक, सरकार ने एक अप्रैल से शुरू हुए 2024-25 रबी विपणन वर्ष में केंद्रीय पूल के लिए 2.66 करोड़ टन गेहूं खरीदा था, जो पिछले वर्ष के 2.62 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है।

# सीएम सैनी के ओएसडी से मिला ईएचएमसीएच का प्रतिनिधिमंडल

- इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग
- डॉ. खनगवाल बोले, इस पद्धति में हर बीमारी का इलाज



**चंडीगढ़।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएच) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेंद्र सिंह बढ़खालसा से सीएम हाउस में मुलाकात की और इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने की मांग की। इस दौरान ईएचएमसीएच के चेयरमैन डॉ विनोद खनगवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधमंडल ने बढ़खालसा को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता देने को कहा और हर बीमारी के इलाज की इस पद्धति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद सीएम के ओएसडी ने भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी मान्यता के लिए प्रपोजल मांगा। डॉ खनगवाल ने बताया कि हमें आश्वासन मिला है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए जल्दी ही अच्छी खबर मिलेगी। इस अवसर पर चैयरमैन डॉ विनोद खनगवाल, डॉ. श्वेता रोहिला, डॉ नारायण तेवतिया, डॉ महिपाल सिंह, डॉ. शिवानी, डॉ. ऊषा खनगवाल, डॉक्टर संजू वर्मा और डॉ. परसराम भी मौजूद रहे। वहीं, ईएचएमसीएच की नई वाइस चेयरमैन डॉ. श्वेता रोहिला ने भी काउंसिल ऑफिस में अपना पदभार ग्रहण किया।

## सोना 120 रुपये तेज और चांदी 900 रुपये मजबूत



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 120 रुपये मजबूत होकर 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,430 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 900 रुपये की तेजी के साथ 92,300 रुपये प्रति किलो हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं। यह पिछले बंद भाव से 120 रुपये अधिक है।' अंतरराष्ट्रीय जिंस बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,332 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से पांच डॉलर अधिक है।

## आईपीओ शेयरों के 'कॉल ऑप्शन' सत्र के लिए नए निगरानी उपाय जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) वाले शेयरों की सूचीबद्धता के पहले के कॉल ऑप्शन (खरीद अनुबंध) सत्र में दुरुपयोग रोकने के मकसद से बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों के लिए अतिरिक्त निगरानी उपाय पेश किए। आईपीओ वाले शेयर की बाजार में सूचीबद्धता के दिन का शुरुआती एक घंटा कॉल ऑप्शन सत्र का होता है। यह शेयर की शुरुआती कीमत का पता लगाने का एक तरीका है। सेबी ने कहा कि सूचीबद्धता के पहले का कॉल ऑप्शन सत्र सुबह नौ बजे से शुरू होकर 60 मिनट तक का होगा। इसमें से 45 मिनट ऑर्डर को दर्ज करने, संशोधन और निरस्त करने के लिए, 10 मिनट ऑर्डर के मिलान एवं सौदा पुष्टि के लिए और बाकी पांच मिनट सामान्य कारोबारी सत्र की दिशा में बढ़ने की बफर अवधि होंगे। ऑर्डर दर्ज करने के आखिरी दस मिनट यानी 35वें और 45वें मिनट के बीच कभी भी कॉल ऑप्शन सत्र बंद हो जाएगा।

**ग्राम पंचायत, बुटाना खेतलान**
खण्ड मुण्डलाना तह. गोहाना
जिला सोनीपत, हरियाणा
मो. 9911024747

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुटाना खेतलान की शामलात भूमि (जलघर के पास) में 50 पेड़ सफेदा व 6 शीशम तथा 134 विविध प्रकार के कुल 190 वृक्षों की नीलामी 28/06/2024 को प्रातः 10 बजे भिखान पाना चौपाल में करवाई जाएगी जिनकी कीमत वन विभाग द्वारा मु. 48307/- रू. लगाई गई है। सिक्योरिटी की राशि मु0 50000/- रू. होगी व बोली छोड़ने उपरान्त राशि मौके पर वसूल की जाएगी। अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। बोली छोड़ने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। इच्छुक बोली दाता बोली दे सकते हैं।

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पचापत बुटाना खेतलान
खण्ड मुण्डलाना (सोनीपत)

**ग्राम पंचायत, ईसापुर खेड़ी**
खण्ड मुण्डलाना तह. गोहाना
जिला सोनीपत, हरियाणा
मो. 91+ 9813169700, 9306120936

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ईशापुर खेड़ी में कंडम पटवार खाने की निलामी दिनांक 27/06/2024 को प्रातः 11 बजे जनरल चौपाल मे करवाई जाएगी जिसकी शुरुआती कीमत 7000 रुपये से शुरू होगी। सिक्योरिटी राशि 10000 रूपये होगी। बोली छोड़ने के बाद सारी राशि मौके पर वसूल की जाएगी। अन्य शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। बोली छोड़ने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। इच्छुक बोली दाता बोली दे सकते हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत,
ईशापुर खेड़ी (मुण्डलाना)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से होगी समस्या

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से 'बड़ी समस्या' पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।



**RAO LAL SINGH**
**SHIKSHA SAMITI, KANINA**
Distt.-Mahendergarh, Haryana - 123027

ELECTION NOTIFICATION

It is notified that the election of office Bearers, Members, Teaching & Non Teaching staff Representatives in respect of the Governing Body of Saraswati College of Education, Majra Kalan, Mahendergarh for the post of President-01, Vice President-01, General Secretary-01, Treasurer-01 and Executive Members for the governing body will be held as per the below given schedule:-

Nomination : (9:00am to 4:00pm)
01-07-2024 to 07-07-2024
Scrutiny of Nomination :
14-07-2024

Withdrawal of Nomination:
20-07-2024 (upto 4:00pm)
Date of Election : 12-08-2024
(9:00am to 5:00pm at College Campus)

Declaration of Result : 12-08-2024 (After Counting of Votes)
For further information contact to returning officer
Ashok Kumar (Retd. Principal) : +91 9868517188

## राशिफल


**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## पूंजी विशेषज्ञों ने बजट में कर प्रोत्साहन देने की वकालत की

**नई दिल्ली।** वित्तीय और पूंजी बाजार के विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को बाजार को व्यापक बनाने के लिए आगामी 2024-25 के पूर्ण बजट में कर प्रोत्साहन देने की वकालत की। यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठक में क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों ने सरकार से कर कानून और दरों में विसंगतियों को दूर करने का भी आग्रह किया। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है कि यह बजट पेश होने से पहले दूसरी परामर्श बैठक थी। इसमें आगामी आम बजट 2024-25 के संबंध में वित्तीय और पूंजी बाजार क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट अगले महीने संसद में पेश किये जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री के साथ दो घंटे की बैठक के बाद मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी के प्रबंध निदेशक और क्षेत्रीय प्रमुख (कंट्री हेड) अरुण कोहली ने कहा कि कर नीतियों को स्थिर और दीर्घकालिक बनाये जाने की जरूरत है।



- विसंगतियों को दूर करने का भी आग्रह किया

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर में फ्लाई ओवर से अगवांपुर फाटक तक ड्रेनेज वाटर हेतु एनपी2 / एनपी3 पाइप्स का प्रावधान व बिछाना + 6 कार्य। | 19.06.2024 03.07.2024 | 3.50 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8295167259 Secy-ganaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/26985/I/88/6 दि. 20.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | एम.सी. गोहाना में सीवर सक्शन कम जेट्टिंग मशीन को किराये पर लेना। | 19.06.2024 26.06.2024 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |
| 2 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा जुलाई-2024 की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग, डिजिटल मूल्यांकन। | 13.06.2024 24.06.2024 | 20 लाख | www.bseh.org.in | 8168476169 dsmm@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27004/I/88/6 दि. 20.06.24


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बलजीत पुत्र काशी** निवासी गॉव जसराना डिस्ट्रिक्ट सोनीपत, हरियाणा **FIR No. 219/23 U/s 33/58/34 Delhi Excise Act.** के अंतर्गत **थाना : अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बलजीत** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बलजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 219/23 U/s 33/58/34 Delhi Excise Act. थाना: अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **बलजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री नवदीप गुप्ता, MM, कमरा न 109,
रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/7168/RD/2024(court matter)

### शब्द पहेली - 5548




**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

**शब्द पहेली - 5547 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |



## खबर संक्षेप

### शिक्षा के क्षेत्र गड़बड़ी स्वीकार्य नहीं : सैलजा

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि नीट पेपर लीक की जांच चल ही रही थी कि अब यूजीसी नेट परीक्षा पेपर लीक के कारण रद कर सरकार ने लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही और गड़बड़ी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। इस पेपर लीक मामले में सरकार के खिलाफ छात्रों के हक की लड़ाई हम सड़क से संसद तक पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे।

### घटिया रेनोवेशन करने वाली कंपनी ब्लैकलिस्ट

**पंचकूला।** महापौर कुलभूषण गोयल ने वार्ड नंबर 2 में विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। सेक्टर 5 मनसा देवी कांप्लेक्स के सामुदायिक केंद्र की कुछ समय पूर्व ही रेनोवेशन के बाद भी काफी खामियां पाई गई। कई जगह से पानी निकल रहा था। इसके अलावा रंग-रोगन भी अच्छा नहीं था। जिसके चलते महापौर ने संबंधित कार्य करने वाली कंपनी की सिक्योरिटी जब्त करने एवं उसे ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महापौर ने सेक्टर 6 में एनएच कंस्ट्रशन द्वारा बनाई गई सड़कों का निरीक्षण किया।

### सुशील गुप्ता ने जताया मतदाताओं का आभार

**कैथल/चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने तीन दिवसीय दौरे के तहत कैथल में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा की नौ विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं से मिल रहा हूं और सबका आभार व्यक्त करने के लिए आया हूं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरे तन मन धन व लगन से कार्य किया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को 5 लाख 13000 से ऊपर वोट मिले। इनेलो, जेजेपी और बसपा के 30 उम्मीदवारों ने जितने वोट मिलकर लिए, उससे ज्यादा वोट आम आदमी पार्टी ने अकेले कुरुक्षेत्र में लिए। इनका कोई भी उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाया।

# प्रेम विवाह के चलते बिगड़ा दो गांवों का भाईचारा, ग्रामीणों में तनाव बढ़ा

- एसपी को ज्ञापन सौंपकर समाधान निकालने की गुहार लगा चुके ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

गांव धोलेड़ा में प्रेम विवाह के विवाद ने अब दोनों गांवों के भाईचारे को तोड़ना शुरू कर दिया है। आपसी तनाव बढ़ने पर बिगोपुर के ग्रामीणों की बैंक सुविधाएं ठप हो गई, दूसरी ओर मरीजों को बड़ी अस्पतालों में लेकर जाना मुश्किल हो गया है। विद्यार्थियों ने कॉलेज या कोचिंग सेंटरों पर जाना बंद कर दिया। इससे परेशान ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर समाधान निकालने की गुहार लगाई थी लेकिन अभी भी स्थिति यथावत बनी हुई है। आपको बता दें कि बिगोपुर निवासी युवक नारनौल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। इधर धोलेड़ा की लड़की का भी पढ़ाई के लिए नारनौल में आना-जाना होता है।

दोनों की बस में सफर के दौरान मुलाकात हो गई और एक-दूसरे को चाहने लगे। 10 जून को दोनों ने घर से भागकर नोएडा में प्रेम विवाह कर लिया है। परिजनों को भनक लगने पर उन्होंने आरोपित लड़के के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज करवा दिया लेकिन लड़की ने नारनौल कोर्ट में एक्ट 164 के बयान देकर स्वैच्छा से शादी करना तथा लड़के के साथ रहने की इच्छा जताई है। इसके बाद कोर्ट ने प्रेमी युगल को पुलिस सुरक्षा मुहैया करवा दी तथा सेफ हाउस में ठहराया गया है। इधर, धोलेड़ा के ग्रामीणों ने बिगोपुर के साथ भाईचारा व पगड़ी रिवाज का तर्क देकर शादी का विरोध किया है।

महापंचायत का आयोजन करके लड़के के पिता को तीन दिन में शादी तुड़वाने तथा लड़की को धोलेड़ा के सुपुर्द करने की हिदायत दी। उन्होंने महापंचायत का सम्मान करते हुए लड़की को अलग करने के प्रयास भी किए किंतु लड़की ने साफ इंकार कर दिया, कहा कि किसी भी सूरत में शादी विच्छेद नहीं करूंगी।

### बैंक सुविधाएं ठप, मरीजों का अस्पताल जाना मुश्किल

ग्रामीणों ने बताया कि धोलेड़ा में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक स्थापित है। जिससे बिगोपुर, बेरूंडला समेत पांच-छह गांवों के लोग पैसों का लेन-देन करते हैं लेकिन प्रेम विवाह का तनाव बढ़ने के कारण बिगोपुर के लोगों का धोलेड़ा में आने पर प्रतिबंद लगा हुआ है। आपात स्थिति में मरीजों को नांगल चौधरी या नारनौल के अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ता है। वहां जाने के लिए धोलेड़ा से बस पकड़नी होती है, जो तनाव के चलते संभव नहीं हो रहा है।

### प्रेमी जोड़े को पुलिस सुरक्षा

पुलिस ने प्रेमी जोड़े को एडीजे डीएन भारद्वाज की कोर्ट में पेश किया, जहां लड़की ने जानलेवा खतरा होने की शिकायत दर्ज कराई है। मीडिया से रूबरू होते हुए लड़की ने तीन नामजद लोगों पर षड़यंत्र रचने तथा जानलेवा खतरा जताया है। आरोपों को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने 15 दिन की पुलिस सुरक्षा और बढ़ा दी। इधर, बिगोपुर के ग्रामीणों ने एसपी से मिलकर दैनिक दिनचर्या प्रभावित होने की शिकायत दर्ज कराई है लेकिन अभी भी दोनों गांवों में तनाव बना हुआ है, जिस कारण ग्रामीणों को एक-दूसरे गांव में आना-जाना संभव नहीं हो रहा है।

# साले ने जीजा और अपनी पत्नी को उतारा मौत के घाट

**अवैध संबंधों के चलते वारदात को दिया अंजाम, एक सप्ताह से दोनों घर से थे फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जाखल क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और अपने जीजा की तेजधार हथियार से कई वार कर निर्मम हत्या कर दी। दोनों को हथियार से गांव के बीच ही मारा गया है। दोनों की हत्या कर आरोपी फरार हो गए हैं। दोनों के शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर खून से लथपथ हालत में पड़े मिले हैं। बताया गया है कि दोनों में काफी समय से अवैध संबंध थे। अब पिछले कुछ दिनों से दोनों घर से भाग गए थे। इससे महिला का पति काफी आहत था।

- रात को घर लौटे थे दोनों
- डबल मर्डर से पूरे क्षेत्र में मचा हड़कंप

बीती रात ही दोनों वापस गांव में आए थे। इससे गुस्से से आग बबूला हुए महिला के पति ने अपनी पत्नी सहित अपने जीजा पर तेजधार हथियार से वार कर दोनों की जान ले ली। वारदात के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने पर वीरवार सुबह स्वयं एसपी आस्था मोदी ने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया, वहीं मामले की जांच में जुटी सीन ऑफ क्राइम व जाखल पुलिस की टीम ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए टोहाना नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि दोनों की हत्या अवैध संबंध के चलते की गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापामार कार्यवाही को अंजाम दे रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक रतिया के गांव बबनपुर निवासी 32 वर्षीय जगसीर सिंह मजदूरी का काम करता था और जाखल के गांव चांदपुरा में विवाहित था। बताया गया है कि जगसीर सिंह का अपने साले जसविंद्र सिंह की 35 वर्षीय पत्नी मूर्ति के साथ पिछले तीन-चार सालों से अवैध प्रेम संबंध चल रहा था। अब पिछले चार-पांच दिन से दोनों घर से भाग गए थे। बुधवार रात ही वह दोनों गांव चांदपुरा घर में वापस लौटे थे। मूर्ति के पति जसविंद्र सिंह यह सह न पाया और उसने रात्रि को ही तेजधार हथियार से दोनों पर हमला बोल दिया। हथियार से दोनों के मुंह, हाथ, पांव आदि पर कई वार किए गए। इन असहाय वारों से दोनों की मृत्यु हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार है।

ग्रामीणों की सूचना पर अलर्ट हुई मौके पर पहुंची पुलिस को दोनों के शव घर से कुछ ही दूरी पर लहुलूहान हालत में पड़े मिले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों में काफी समय से अवैध संबंध चल रहे थे। इसे लेकर दोनों को कई बार समझाया भी गया था, लेकिन वह नहीं माने। इसको लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ है। अब दोनों चार-पांच दिन से घर से चले गए थे। डबल मर्डर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। उधर सीन ऑफ क्राइम व जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



**जाखल।** खेत में पड़े मूर्ति देवी व जगसीर सिंह के शव।



**जाखल।** मृतक मूर्ति देवी व जगसीर सिंह की फाइल फोटो

### दोनों मृतकों के बच्चे नाबालिग

इस घटना में मृतक मूर्ति व जगसीर सिंह के बच्चे नाबालिग हैं। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मूर्ति अपने पीछे अपनी दो बेटियों को छोड़ गई हैं, जिसमे से एक की उम्र करीब 12 वर्ष तो वही दूसरी बेटी की उम्र 6 वर्ष के करीब हैं। इसके साथ ही मृतक जगसीर सिंह का एक लड़का हैं, जिसकी उम्र करीब 12 वर्ष बताई गई हैं।

### तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

इस बारे में जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सुबह गांव में लहूलुहान हालत में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गांव में पहुंची। जहां पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टोहाना के नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक जगसीर सिंह के पिता के बयानों पर जसविन्द्र सिंह पुत्र बलम सिंह, विकर सिंह पुत्र जनक राज व परविन्द्र सिंह पुत्र उग्र सिंह कुल तीन लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस छापामार कार्यवाही कर रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया जाएगा।

**ओबीसी कोटे का लाभ न देने का मामला**

# आईआईएम के बाहर बैठे छात्र व अभिभावक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पहले दे दिया था छात्रों को दाखिला हॉस्टल भी हो चुका था अलॉट
- गुरुवार हो हुई फाइनल वेरिफिकेशन तो बाहर निकाल दिया गया

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक में गुरुवार को छात्रों को ओबीसी कोटे के तहत लाभ मिलने पर छात्र व अभिभावक आईआईएम के बाहर बैठ गए। बताया जा रहा है कि आईआईएम ने करीब 14-15 छात्रों को यह कहते हुए बाहर निकाल दिया कि उनको ओबीसी कोटे का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके बाद यहां तनाव हो गया। छात्रों ने बताया कि उन्हें आईआईएम में दाखिला दे दिया गया था और हॉस्टल भी अलॉट कर दिए थे। उन्होंने अपना सामान तक हॉस्टल में शिफ्ट कर लिया था, गुरुवार को फाइनल वेरिफिकेशन हुई। इसके बाद उन्हें हॉस्टल से बाहर निकाल दिया, यही नहीं उन्हें सामान के साथ आईआईएम से बाहर निकाल दिया गया।

### यह बोले छात्र

छात्रों ने बताया कि सरकार के नियम के अनुसार आठ लाख रुपये तक की आय वाले परिवार को ओबीसी कोटे के तहत लाभ मिलता है। हालांकि इस श्रेणी के तहत मां-बाप के ग्रुप ए में सरकारी नौकरी करने वालों को क्रीमी लेयर में माना जाता है और ओबीसी कोटे का लाभ नहीं मिलता। लेकिन आईआईएम से निकाले गए बच्चों के अभिभावक ग्रुप बी में नौकरी करते हैं। इसलिए ओबीसी का लाभ दिया जाना चाहिए। आईआईएम में उन्हें पहले तो दाखिला दे दिया, लेकिन अब फाइनल वेरिफिकेशन में उन्हें बाहर कर दिया। छात्रों और उनके अभिभावकों ने मांग उठाई है कि उन्हें ओबीसी श्रेणी का लाभ दिया जाए और उनके दाखिले को सही माना जाए, क्योंकि सरकार के नियम के अनुसार उनके अभिभावक ग्रुप बी में नौकरी करते हैं, जो क्रीमी लेयर से बाहर हैं। इसलिए उन्हें इसका लाभ दिया जाए। देर रात तक आईआईएम के बाहर तनाव बना हुआ था।

# अर्बन एस्टेट थाने की हवलदार 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते धरी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- झूठा मुकदमा दर्ज करने का डर दिखा शिकायतकर्ता से की जा रही थी रिश्वत की मांग
- मामले में दूसरा आरोपी थाने का मुंशी फरार, केस दर्ज

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में तैनात महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा को 40 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस मामले में दूसरा आरोपी मुंशी फरार है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने केस दर्ज कर लिया है।

एंटी करप्शन ब्यूरो के सूत्रों के अनुसार ब्यूरो टीम को शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता व उसके दोस्त के खिलाफ हिसार के अर्बन एस्टेट पुलिस थाने में पिंकी (शिकायतकर्ता के दोस्त की पत्नी) ने शिकायत दी थी। इस मामले में महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा जांच अधिकारी थी। सुमित्रा ने शिकायतकर्ता को फोन किया और थाने में पिंकी द्वारा दी गई शिकायत पर कार्रवाई न करने के बदले में 40 हजार की रिश्वत की मांग की। सुमित्रा ने शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर फोन करते हुए कहा कि 40 हजार में से कुछ हिस्सा थाने में कार्यरत मुंशी को भी दिया जाएगा। शिकायत के बाद ब्यूरो ने कैथल जिले से इंस्पेक्टर महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम तैयार की। जैसे ही हवलदार सुमित्रा ने 40 हजार रुपये लिए तो ब्यूरो की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### हवलदार को जेल भेजा

बताया गया है कि टीम की कार्रवाई के दौरान थाने का मुंशी फरार हो गया। पकड़ी गई हवलदार सुमित्रा को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मौसा ने नाबालिग भांजी के साथ किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय नाबालिग को उसके मौसा ने काम सिखाने के बहाने से दिल्ली ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी व्यक्ति नई दिल्ली में वीजा कंसलटेंट का काम करता है। आरोपी ने वहीं पर अपना कार्यालय बनाया हुआ है। आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को दिल्ली पुलिस को रैफर कर दिया। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसके जीजा कर्ण कुकरेजा का उनके घर पर आना जाना है। फरवरी माह में आरोपी अपने परिवार के साथ उनके घर पर आया हुआ था। आरोपी ने उसकी 16 वर्षीय बेटी के बारे में कहा कि जब उसकी परीक्षा खत्म हो जाएगी तो उसे दिल्ली भेज देना। उसे अपने कार्यालय में काम सिखा देगा। बेटी की परीक्षा खत्म होने के बाद 13 मार्च को आरोपी उसकी लड़की को अपने साथ दिल्ली ले गया। वहां पर आरोपी उसकी लड़की को कार्यालय लेकर गया। जहां आरोपी उस पर गलत नजर रखने लगा। एक दिन आरोपी ने उसकी लड़की को कार्यालय पर अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसकी लड़की किसी तरह से वहां से भाग कर अपने घर आ गई और उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को दिल्ली पुलिस को रैफर कर दिया।

- काम सिखाने के बहाने दिल्ली ले जाकर की वारदात

# सीएम फ्लाइंग की रेड, तेल चुराते दो पकड़े

- डिपो से निकलने वाले पेट्रोल व डीजल के टैंकरों से तेल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को सीएम फ्लाइंग ने तेल डिपो से निकलने वाले टैंकरों से तेल चोरी करने वालों पर कार्रवाई की। सीएम फ्लाइंग ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान तेल चोरी करने वाले चोरी किए गए तेल की बाल्टियां फेंक कर फरार हो गए। टीम ने मौके से टैंकर चालक व एक अन्य व्यक्ति को पकड़कर मॉडल टाउन थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर सतेंद्र सिंह की टीम को सूचना मिली थी कि बावल रोड पर गांव करनावास के पास तेल डिपो से निकलने वाले पेट्रोल व डीजल के टैंकरों से तेल चोरी किया जाता है। टैंकर को डिपो के आसपास बने बाड़ों में ले जाया जाता है और चालक से सौदा करके तेल निकाल लिया जाता है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम को सूचना दी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और फिर दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से करनावास स्थित तेल डिपो के पास खाली प्लॉट पर छापा मारा। प्लाट में एक तेल टैंकर से पेट्रोल निकलकर बाल्टियों में भरा जा रहा था। करीब 4 बाल्टियां भरी जा चुकी थी।



**रेवाड़ी।** करनावास में प्लाट में खड़ा टैंकर।

### अस्पताल में मरीज को बंधक बनाकर पीटा स्टाफ को किया सस्पेंड

**हिसार।** शहर के राजगढ़ रोड स्थित सपरा अस्पताल में मरीज को बंधक बनाकर बुरी तरह पीटने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पुलिस को मिली है। मरीज दो दिन से उक्त अस्पताल के आईसीयू में दाखिल था। पुलिस ने सपरा अस्पताल के डॉक्टर, नर्स, सुरक्षाकर्मी सहित दो लोगों सिरसा के गांव जोगीवाला निवासी नवीन कुमार व चुरू में राजगढ़ के रहने वाले सोनू के खिलाफ केस दर्ज किया है। अस्पताल प्रबंधन ने भी संबंधित स्टाफ को सस्पेंड कर दिया है। मरीज के बेटे दर्शन ने बताया कि 18 जून को उसके पिता को लीवर की बीमारी के इलाज के लिए सपरा अस्पताल में उसके चचेरे भाई अशोक ने दाखिल करवाया था। पिता की रात्रि की निगरानी के लिए चचेरे भाई सुमित को छोड़ा गया था। गुरुवार सुबह पिता को अस्पताल के स्टाफ ने बंधक बनाकर मारपीट की। सिरसा के गांव जोगीवाला निवासी नवीन कुमार और राजस्थान के जिला चुरू के राजगढ़ में वार्ड नंबर 12 निवासी सोनू कुमार , अस्पताल का एक डॉक्टर, एक नर्स व एक सुरक्षाकर्मी ने मारपीट की।

**गलत ऑपरेशन व सफाई कर्मियों की मौत पर संज्ञान**

# प्रदेश सरकार को एनएचआरसी के नोटिस

- आयुष्मान योजना का लाभार्थी होने पर भी मरीज से शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरियाणा के पानीपत के एक अस्पताल में मरीज के दाहिने घुटने के स्थान पर कथित तौर पर बायें घुटने का ऑपरेशन किए जाने की खबरों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने प्रदेश सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया है।

आयोग ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि खबर के अनुसार अस्पताल ने आयुष्मान-भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभार्थी होने के बावजूद मरीज से शुल्क भी वसूला। आयोग ने इस खबर का ''स्वतः संज्ञान लिया कि पानीपत के एक अस्पताल में एक मरीज के चोटिल दाहिने घुटने के स्थान पर उसके बायें घुटने का कथित रूप से ऑपरेशन कर दिया गया।''बयान के अनुसार खबरों में यह भी कहा गया है जब परिवार के सदस्यों ने विरोध किया तब डॉक्टरों ने तत्काल उसके दूसरे घुटने की सर्जरी की लेकिन अब मरीज चल-फिर नहीं पा रहा है। अस्पताल ने उससे 8000 रुपये लिए और उसका आयुष्मान भारत कार्ड भी ले लिया। आयोग ने कहा है कि यदि खबर की विषय-वस्तु में सच्चाई है, तो इससे "चिकित्सा लापरवाही के कारण पीड़ित के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकारों के उल्लंघन" जैसे गंभीर मुद्दे उठते हैं।

आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उसने इन दोनों से यह भी बताने को कहा है कि अपराधियों के प्रति क्या कार्रवाई की गयी और मरीज को क्या कोई मुआवजा दिया गया। एनएचआरसी ने कहा, ''ऐसे निजी अस्पतालों, जहां मरीजों का शोषण किया जाता है और उनके साथ क्रूर एवं अमानवीय व्यवहार किया जाता है, पर नजर रखने के अपने दायित्व को निभाने में विफल रहने वाले अधिकारी जवाबदेही से बच नहीं सकते।''

खबर के अनुसार मरीज के परिवार के सदस्यों की 2006 में एक दुर्घटना में मौत हो गयी और तब से वह मजदूरी कर अपनी आजीविका चला रहा था। घर में साफ-सफाई के दौरान वह गिर गया और उसके दाहिने घुटने में चोट लग गयी थी।

### सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान हो गई थी दो सगे भाइयों की मौत

**नई दिल्ली।** हरियाणा के सोनीपत जिले में निजी पैकेजिंग कारखाने में सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय जहरीली गैस के कारण दो भाइयों की कथित तौर पर हुई मौत से संबंधित खबरों पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार और प्रदेश के पुलिस प्रमुख को नोटिस भेज कर एक सप्ताह में रिपोर्ट तलब किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट मांगी है।"बयान में कहा गया है कि इस रिपोर्ट में दर्ज प्राथमिकी की स्थिति, जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ की गई कार्रवाई तथा अधिकारियों द्वारा मृत श्रमिकों के परिजनों को प्रदान की गई राहत एवं पुनर्वास की जानकारी शामिल हो।"आयोग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय कथित तौर पर श्रमिकों को "कोई सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इससे यह साफ है कि इसमें कारखाना मालिक और स्थानीय अधिकारियों की 'लापरवाही' है। एनएचआरसी ने 13 जून 2024 को मीडिया में आयी खबरों पर स्वतः संज्ञान लिया है। इसमें कहा गया है कि हरियाणा के सोनीपत जिले के बाजिदपुर सबोली गांव के पास एक निजी पैकजिंग कारखाने की सैप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस में सांस लेने से दो भाईयों की मौत हो गई। कहा गया कि पुलिस अधिकारियों ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कारखाने के मलिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### कनाडा वाला भतीजा बता आढ़ती को लगाया चार लाख का चूना

**जींद।** अनाज मंडी के आढ़ती सुरेश कुमार ने साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 12 जून को उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसके कैथल निवासी साढू लिच्छी राम का बेटा सोनू बताया,जोकि काफी समय से कनाडा में रह रहा है। उसने कहा कि उसकी पीआर लगनी है, जिसके लिए चार लाख रुपये एजेंट को फीस देनी है। कहा कि इसके बारे में परिजनों को न बताए। उसने स्क्रीन शॉट भेज कर नौ लाख 40 हजार रुपये उसके खाते मे डालने के बारे में बताया। कुछ समय बाद दूसरे नंबर से कॉल आई और उसने खुद को एजेंट हरजीत बताया। जिसने बीमार मां के इलाज के बारे चार लाख रुपये मांगे। राशि ने देने पर सोनू की पीआर रद्द करवाने की धमकी दी। जिस पर उसने अलग-अलग समय में दिए खाता नंबरों पर राशि को डाल दिया। जब उसने तथाकथित सोनू से रुपये न आने के बारे में पूछा तो उसने फोन बंद कर लिया। जिसके बाद वह अपने बैंक में पहुंचा और कनाडा से डलवाई राशि के बारे में पूछा तो वह खाते में आई नही मिली।

# प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय में चार दोस्तों पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- जांघ में गोली लगने से एक युवक घायल, अस्पताल में कराया भर्ती
- बाइक पर आए दो नकाबपोश युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

जिले के सरस्वतीनगर में मनका मनकी रोड स्थित प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय में बैठे चार दोस्तों पर दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जांघ में गोली लगने से सरस्वतीनगर निवासी शिवम गोयल घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद आरोपी बदमाश बाइक पर बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सरस्वतीनगर निवासी दीपक ने छप्पर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका मनका मनकी रोड पर प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय है। मंगलवार रात को वह अपने दोस्त सरस्वती नगर निवासी शिवम गोयल, हरप्रीत उर्फ काका व योगेश के साथ कार्यालय पर बैठा हुआ था। इस दौरान कार्यालय के बाहर बाइक पर दो युवक आए। एक युवक कार्यालय के बाहर ही बाइक स्टार्ट किए खड़ा रहा। जबकि दूसरा नकाबपोश अंदर आया। दरवाजा खोलते ही उसने उन पर फायरिंग कर दी। एक गोली शिवम की जांघ पर लगी। जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद आरोपी अपने साथी की बाइक पर बैठकर फरार हो गया। उसने घायल शिवम को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अज्ञात युवकों पर केस दर्ज

छप्पर थाना प्रभारी रामपाल का कहना है कि मामले में दीपक की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

*चित्त की वृत्तियों को चंचल होने से रोकना ही योग है। अर्थात मन को इधर-उधर भटकने न देना, केवल एक ही वस्तु में स्थिर रखना योग है। -महर्षि पतंजलि*

# तन, मन और बुद्धि को स्थिर बनाता योग

*योग परम होश में आने का अनूठा उपाय है। यह हमारी शारीरिक, मानसिक और दिमागी स्थिरता के लिए बहुत उपयोगी है। योग शरीर के साथ-साथ हमारे मन और दिमाग को भी नया जीवन देने का काम करता है। यह केवल शरीर को मरोड़ने या सांसों पे कंट्रोल करने की तक़नीक भर नहीं है, बल्कि वर्तमान समय में हमारे जीवन में मौजूद तनाव को कम करने का भी काम करता है। भारत की पहल पर दुनिया भर में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पेश है नीरज वशिष्ठ की रिपोर्ट।*



## ...दिमागी शांति के लिए

*दिमाग को तेज बनाने के लिए इन योगासनों को करने से लाभ मिलता है*




## ...शारीरिक शक्ति के लिए

*इन चार योगासनों को करने से आप अपने शरीर को मजबूत बना सकते हैं*




## ...मानसिक शांति के लिए

*इन चार योगासनों को करने से आप अपने दिमाग को शांत कर सकते हैं*






## वर्तमान में होना है योग

योग प्रैक्टिस के कई टूल्स है। आसन, प्राणायाम, धारणा, ध्यान जैसे कई टूल्स के जरिए योग हमे अपने तल से जोड़ता है, यानी उसके प्रति हमें होश में लाता है। हमारा मन हर तरह से हमें बेहोशी की तरफ ले जा रहा है। मन का ये स्वभाविक गुण है कि वो या तो भविष्य में होगा या फिर बिते हुए वक्त यानी भूत में। जीवन हमेशा वर्तमान में होता है, लेकिन भूत-भविष्य में फंसा हमारा मन हमें जीवन से तोड़ रखता है। जब हम योग प्रैक्टिस करते है तो हम अपने मन को भूत-भविष्य से हटाकर वर्तमान में ले आने में सफल होते हैं- जो होश की अवस्था है। हर टूल्स की प्रैक्टिस हमें वर्तमान के प्रति ज़्यादा सजग होने की टैनिंग देता है और वर्तमान में होना ही योग है।

## सजगता से ऊर्जा संरक्षण

मन जब वर्तमान में स्थिर होता है तो हम अपनी ऊर्जा गैर जरुरी सोचने में खपत होने से बचा पाते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक़ हमारा मन हर दिन औसत 70 हज़ार से ज्यादा बातें सोचता है। इन 70 हज़ार बातों में मुश्किल से 7 हज़ार बातें काम की होती हैं। ऐसे में आप अंदाजा लगा सकते है कि माइंडफुलनेस को बढ़ावा देने की योग की अनोखी तक़नीक कैसे हमारी ऊर्जा को खपत होने से बचाती है। होश में आने से पहली बात ये घटती है कि हम गैर-जरुरी बातों और गतिविधियों को टाल पाते हैं और जब मन इस अमन की अवस्था को प्राप्त होता है तो इस बची ऊर्जा का उपयोग हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में हो पाता है। अहम ये नहीं कि आप हठयोग की प्रैक्टिस करते हैं या फिर अष्टांग विन्यास, अहम ये है कि आप इन टूल्स के जरिए खुद से जुड़ने में कितना कारगर हो पाते है। माइंडफुलनेस माध्यम है जिससे हम अपने जीवन रुपी ध्येय को हासिल कर पाएंगे। होश परम योग है और बेहोशी महारोग। आएं होश को जीवनसूत्र बनाएं।

### 1 अधोमुख श्वानासन

**लाभ**

- पूरे शरीर को स्ट्रेच कर स्फूर्ति बढ़ाता है।
- अपर बॉडी, कंधों और हाथों को मजबूत करता है।
- मस्तिक में शांति, तनाव और डिप्रेशन में लाभदायक ।
- रीढ़ या स्पाइन में मौजूद तनाव को दूर करता है।
- बैकपेन, अनिद्रा, सिरदर्द और सुस्ती के उपचार में कारगर।

**सावधानियां :** गर्भधारण के आख़िरी चरण, डायरिया और कलाई दर्द में इस आसन का अभ्यास ना करें।

### 2 त्रिकोण आसन

**लाभ**

- पांव, रीढ़, छाती और दूसरे कई जगहों में खिंचाव कर मसल्स रिलैक्स करता है।
- तनाव दूर करने में कारगर।
- पाचन क्रिया को सपोर्ट करता है।
- साइटिका, फ्लेट फीट, हड्डी की कमजोरी जैसी बीमारियों में लाभदायक।
- मैनेपॉउज के दौरान होने वाली शारीरिक परेशानियों को मैनेज करता है।

**सावधानियां** लो ब्लड प्रेशर, डायरिया और सिरदर्द जैसी समस्याओं में इस आसन के अभ्यास से बचें।

### 3 प्रसारित पाद उत्तानासन

- पांव के पिछली हिस्से को स्ट्रेच कर मसल्स रिलैक्स करता है।
- स्पाइन को ज्यादा ओपन कर रिलीफ पहुंचाता है।
- पेट के पास मौजूद सभी ऑर्गन को मजबूती देता है।
- मन और मस्तिष्क में शांति।
- अर्थराइटिस और साइटिका में लाभदायक।

**सावधानियां :** किसी को कमर के निचली हिस्से में दर्द हो या स्लिप डिस्क की समस्या हो तो योग्य शिक्षक की निगरानी में मोडिफाइड आसन करें

### 4 पार्श्व उत्तानासन

**लाभ**

- हिप्स और हेमास्ट्रिंग में खिंचाव करता है।
- पांव की थकावट को तुरंत दूर कर स्फूर्ति लाता है।
- ब्लड का फ्लो सिर की ओर होने से मन-मस्तिष्क को शांत करता है।
- संतुलन की सेन्स को बढ़ाता है
- डाइजिस्टिव सिस्टम को जाग्रत करता है।

**सावधानियां :** निचली कमर में दर्द की शिकायत पर आसन को शिक्षक की निगरानी में मोडिफाइड कर अभ्यास करें।



### 5 वृक्षासन

**लाभ**

- पांव की मांसपेशियों को मजबूती देता है।
- मन की शांति और एकाग्रता को बढ़ाता है।
- संतुलन की सेन्स को एक्टिव करता।
- शरीर-मन के बीच संतुलन को स्थापित करने में मदद करता है
- नर्वस सिस्टम को मजबूत करता है।

**सावधानियां :** मेडिकल के वो कंटीशन जो आपके संतुलन को प्रभावित करता है, ऐसी स्थितियों में ये आसन ना करें। साथ ही गर्भधारण के आख़िरी चरण और बहुत मोटापे की स्थिति में ( संतुलन इश्यू हो तो) भी इस आसन का अभ्यास ना करें।

### 6 वीरभद्रासन

**लाभ**

- पूरे पांव को मजबूत और स्ट्रेच करता है।
- खासतौर पे घुटने, थाइ और एंकल की मजबूती में कारगर।
- संतुलन, फोकस और कोर मजबूती में असरदार।
- गर्भकाल के छठे महीने में कमर-दर्द जैसी परेशानियों में मददगार।
- साइटिका और फ्लेट फिट जैसी समस्याओं में थेरेपी ।

**सावधानियां :** इस आसन का डायरिया व हाई ब्लडप्रेशर में अभ्यास ना करें।

## शरीर के लिए पॉवर हाउस

# सूर्य नमस्कार

सूर्य नमस्कार' का शाब्दिक अर्थ सूर्य को अर्पण या नमस्कार करना है। यह योग आसन शरीर को सही आकार देने और मन को शांत व स्वस्थ रखने का उत्तम तरीका है। सूर्य नमस्कार 12 शक्तिशाली योग आसनों का एक समन्वय है, जो एक उत्तम कार्डियो-वॅस्क्युलर व्यायाम भी है और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। सूर्य नमस्कार मन और शरीर दोनों को तंदुरुस्त रखता है। यदि आपके पास समय की कमी है, और आप चुस्त दुरुस्त रहने का कोई नुस्खा ढूँढ रहे हैं, तो सूर्य नमस्कार उसका सबसे अच्छा विकल्प है।



*सूर्य नमस्कार धरती पर जीवन के संरक्षण के लिए हमें सूर्य के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर देता है।*

### खाली पेट करना उचित

सूर्य नमस्कार प्रातःकाल खाली पेट करना उचित होता है। प्रत्येक सूर्य नमस्कार के चरण में 12 आसनों के दो क्रम होते हैं। 12 योग आसन सूर्य नमस्कार का एक क्रम पूर्ण करते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के अतिरिक्त सूर्य नमस्कार धरती पर जीवन के संरक्षण के लिए हमें सूर्य के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर भी देता है। अगले 10 दिनों के लिए अपना दिन, मन में सूर्य की ऊर्जा के प्रति आभार और कृपा का भाव रखकर प्रारंभ करें। 12 सूर्य नमस्कार और दूसरे योग आसनों को करने पश्चात योग निद्रा में पूर्ण विश्राम अवश्य करें। आप पाएँगे कि यह आपके चुस्त दुरुस्त, प्रसन्न और शांत रहने का मंत्र बन गया है।

- प्रणाम आसन
- हस्तउत्तानासन
- हस्तपाद आसन
- अश्व संचालन आसन
- दंडासन
- अष्टांग नमस्कार
- भुजंग आसन
- पर्वत आसन
- अश्वसंचालन आसन
- हस्तपाद आसन
- हस्तउत्थान आसन
- ताड़ासन

### 7 बद्ध कोणासन

**लाभ**

- पेट की मांसपेशियों, किडनी, प्रोस्टेट ग्लैंड को आंतरिक मालिश कर सेहतमंद करता है।
- थाइ और हिप्स के हिस्से को स्ट्रेच कर रिलैक्स करता है।
- गर्भधारण से संबंधित समस्याओं और प्रोस्टेट ग्लैंड की तक़लीफ में मददगार।
- लगातार अभ्यास से गर्भधारण और बेवी डिलीवरी में लाभ।
- पीरियड से संबंधित दर्द और अनियमितता से छुटकारा।

**सावधानियां :** घुटने के दर्द में ना करें, स्लिप डिस्क या कमरदर्द की स्थिति में योग शिक्षक की राय से आसन को मोडिफाइड करें।

### 8 जानु शिरासन

**लाभ**

- हाईब्लड प्रेशर, अनिद्रा में लाभदायक।
- मन को शांति को बढ़ावा और डिप्रेशन में मददगार।
- लीवर और किडनी जैसे आंतरिक अंगों की मालिश करता है।
- अवसाद, थकान, सिरदर्द और पीरियड संबंधित तक़लीफ में भी असरदार।
- हेम्सट्रिंग, स्पाइन, कमर और कंधों की मांसपेशियों में स्ट्रेच कर रिलीफ करता है।

**सावधानियां :** अस्थमा और घुटने की तकलीफ में इस आसन को सावधानी से करें।

### 9 सेतु बंधासन

**लाभ**

- फेफड़े और थाइराइड ग्लैंड को एक्टिव कर सेहतमंद रखता है।
- पेट के आंतरिक अंगों की मालिश कर पाचनतंत्र को मजबूत करता है।
- मन को शांत कर तनाव और डिप्रेशन मैनेजमेंट में मददगार
- अस्थमा, हाईब्लड प्रेशर, साइन्स जैसी समस्या में थेरेपी देता है।
- पांव की थकावट दूर करता है और पीरियड जनित समस्या में सहयोगी।

**सावधानियां :** घुटने और गर्दन की समस्या हो तो अतिरिक्त सावधानी बरतें।

### 10 अर्ध मत्स्येन्द्रासन

**लाभ**

- लीवर और किडनी को एक्टिव कर शरीर की शुद्धि में मददगार।
- स्पाइन को यंग और ऊर्जावान रखता है।
- पाचन तंत्र के लिए काफी लाभदायक।
- साइटिका, कमरदर्द जैसी परेशानी को मैनेज करता है।
- कंधे, गर्दन, कमर की मांसपेशियों में बेहतरीन स्ट्रेच करता है।

**सावधानियां :** - कमर दर्द और रीढ़ की परेशानियों में योग शिक्षक की देखरेख में अभ्यास करें।

*नोट : कोई भी योग क्रिया करने से पहले विशेषज्ञों से अच्छी तरह सीख लें। इसके बाद ही योग करें।*



## महिलाओं के लिए रामबाण हैं ये आसन



डॉ मोनिका हीरा
वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक एवं आहार विशेषज्ञ

आज की आधुनिक जीवनशैली में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा शारीरिक और मानसिक तनाव के चलते अपने शरीर के ऊपर ध्यान देना आसान नहीं है, खासतौर पर महिलाओं के लिए। महिलाएं एक ही समय पर घर और कामकाज की जिम्मेदारियां संभालते हुए अक्सर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने में असमर्थ हो जाती है जिसके कारणवश उनके हार्मोन्स प्रभावित होते है और वह शारीरिक , मानसिक और जीवनशैली सम्बन्धी बीमारियों जैसे मधुमेह, मोटापा, हृदय सम्बन्धी रोग, थायरॉइड, आस्थमा आदि से ग्रस्त हो जाती है।

**धनुरासन :** धनुरासन को करना बेहद आसान है। उल्टा लेटकर व अपने दोनों पैरों को मोड़कर हाथ से पकड़ें और नीचे व ऊपर से खुद को स्ट्रेच करें। इसे दोहराए। यह आसान मोटापे, डायबिटीज, कमर दर्द, स्लीप डिस्क, कब्ज, अस्थमा, थायरॉइड और अन्य कई समस्याओं में लाभकारी हैं।



**मालासन :** इस आसान को करने के लिए घुटनों को मोड़कर अपने पैरों पर बैठ जाइए। आपके पैर सामने की तरफ नहीं बल्कि दाएं पैर को दाहिनी ओर घुमा लें और बाएं पैर को बाईं तरफ। मालासन द्वारा हिप जोड़ों में लचीलापन आता है। इस आसान के द्वारा पीठ दर्द में राहत मिलती है, जांघों और पेट से चर्बी कम होगी।

**बालासन :** वज्रासन की मुद्रा में जमीन पर बैठ जाए। सांस खींचते हुए दोनों हाथों को सीधा सिर के ऊपर ले जाएं। इस आसन में दोनों हथेलियां जब तक जमीन पर टिक नहीं जाती तब तक आगे झुकें। इसमें लंबी सांस लें और छोड़ें। इस मुद्रा में 30 सेकेंड से 2 मिनट तक बने रहें। इस से जांघों की चर्बी कम होती है। कंधे और कमर दर्द में राहत मिलती है।

**विपरीतकर्णी आसन :** जमीन पर पीठ के बल सीधा लेट जाएं, फिर दोनों टांगों को 45 डिग्री तक उठाएं। इसके बाद कमर को हाथों से सहारा देते हुए कूल्हों को भी ऊपर की ओर उठाएं, फिर 90 डिग्री तक पैरों को ले जाएं। हाथ से कमर को सहारा देते रहे। इस मुद्रा को 30 से 60 सेकंड तक करते रहें। इस आसन को करने से पाचन, गठिया, माइग्रेन जैसी समस्याओं में फायदा मिलता है।



## खबर संक्षेप




### शबनम भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के लिए मध्यम गति की गेंदबाज शबनम शकील को भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। शबनम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है। बाकी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सत्रह वर्षीय शबनम को तीनों प्रारूपों के लिए टीम में शामिल किया गया है जिसमें वर्तमान में बेंगलुरु में चल रही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी शामिल है। रविवार को तीसरे एकदिवसीय के बाद चेन्नई में एकमात्र टेस्ट (28 जून से एक जुलाई) होगा जबकि उसके बाद तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय (पांच, सात और नौ जुलाई) खेले जाएंगे।

### आज स्थल मुआयने करने आएंगे फिडे अधिकारी

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की दो सदस्यीय टीम विश्व चैम्पियनशिप स्थल के लिए मुआयना करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचेगी। सूत्र ने बताया, 'फिडे के योजना और विकास आयोग के सचिव कर्मन गोरयाएवा और फिडे की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अन्ना वोल्कोवा स्थल का मुआयना करेंगे।' विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की दौड़ में तीन शहर में चेन्नई भी शामिल है जिसमें अन्य दो शहर दिल्ली और सिंगापुर हैं।



### सैमंस बने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कोच

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के लिए जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा।



### 20 दिन पहले पेरिस जाएंगे भारतीय रोवर बलराज

**कोलकाता।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय रोवर (नौकायन खिलाड़ी) बलराज पंवार ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए 20 दिन पहले पेरिस पहुंच जाएंगे और उन्हें उम्मीद है कि इसका उन्हें फायदा मिलेगा। पुरुष सिंगल स्कल्स रोइंग स्पर्धा में भाग लेने वाले पंवार पहले बैच के उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए प्रतियोगिता से काफी पहले पेरिस पहुंच जाएंगे। पंवार ने संवाददाताओं से वर्चुअल बात करते हुए कहा, 'हम 20 दिन पहले वहां पहुंच जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि हमें यह अजीब नहीं लगेगा।



**टी-20 विश्व कप: भारत ने 47 रन से जीता पहला सुपर 8 मैच**

# अफगानिस्तान पर भारत की जीत में चमके सूर्यकुमार और बुमराह




एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन (बारबडोस)

सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक के बाद जसप्रीत बुमराह के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम बुमराह (सात रन पर तीन विकेट), अर्शदीप सिंह (36 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 20 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। रविंद्र जडेजा (20 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (15 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह ओमरजई ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। भारत ने इससे पहले सूर्यकुमार की 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की पारी और हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 181 रन बनाए। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान राशिद खान ने 26 जबकि फजलहक फारूकी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए।

**भारत-181/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का राशिद बो फारूकी | 08 |
| कोहली का नबी बो राशिद | 24 |
| पंत पगबाधा बो राशिद | 20 |
| सूर्यकुमार का नबी बो फारूकी | 53 |
| शिवम दुबे पगबाधा बो राशिद | 10 |
| पंड्या का ओमरजई बो नवीन | 32 |
| जडेजा का गुलबदिन बो फारूकी | 07 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 12 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 181 रन
गेंदबाजी: फारूकी 4-0-33-3, नबी 3-0-24-0, नवीन 4-0-40-1, राशिद 4-0-26-3, नूर 3-0-30-0, ओमरजई 2-0-23-0

**अफगानिस्तान-134/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज का पंत बो बुमराह | 11 |
| जजई का जडेजा बो बुमराह | 02 |
| जादरान का रोहित बो अक्षर | 08 |
| गुलबदिन का पंत बो कुलदीप | 17 |
| ओमरजई का अक्षर बो जडेजा | 26 |
| जादरान का अर्शदीप बो बुमराह | 19 |
| मोहम्मद का जडेजा बो कुलदीप | 14 |
| राशिद का जडेजा बो अर्शदीप | 02 |
| अहमद का रोहित बो अर्शदीप | 12 |
| नवीन का पंत बो अर्शदीप | 00 |
| फजलहक फारूकी नाबाद | 04 |

अतिरिक्त: 19
कुल: 20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 134 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-36-3, बुमराह 4-1-7-3, अक्षर 3-1-15-1, पंड्या 2-0-13-0, कुलदीप 4-0-32-2, जडेजा 3-0-20-1

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से रौंदा

**ग्रोस आइलेट।** फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैंपियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की।

■ फिल ने 47 गेंद में बनाए नाबाद 87 रन

## बालकनी से गिरने पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की मौत

**भारत के लिए दो टेस्ट खेले, 52 वर्ष के थे**

- कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे डेविड
- प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 39 मैच में 125 विकेट लिए, लिस्ट ए के 33 मैच में 41 विकेट चटकाए
- प्रथम श्रेणी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 152 रन पर 10 विकेट



भाषा ▶▶ बेंगलुरु

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के कारण मौत हो गई। भारत के लिए दो टेस्ट खेलने वाले जॉनसन 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। कर्नाटक पुलिस ने बयान में कहा,'लगता है कि 52 वर्षीय डेविड जूड जॉनसन कोथनूर के कनक श्री लेआउट में अपने अपार्टमेंट से गिर गए। कोथनूर पुलिस स्टेशन में यूडीआर (अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट) दर्ज की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।' जॉनसन को पिछले सप्ताह पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद सेंट फिलोमेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। पुलिस ने कहा, ''उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने कोई संदेह नहीं जताया है। यह 'आत्महत्या' थी या नहीं इसका कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है। ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है।'' एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बाद में बताया कि जॉनसन शहर में नशा मुक्ति केंद्र में भी गए थे।

### सबने शोक जताया

▶▶ जॉनसन के साथी रहे डोडा गणेश ने कहा, 'यह बेहद दुःखद खबर है। हम राज्य और देश के लिए भी साथ में खेले। कर्नाटक का यह गेंदबाजी आक्रमण लंबे समय तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दे रहा। असल में एक समय राहुल द्रविड़ सहित कर्नाटक के 6 खिलाड़ी टीम का हिस्सा थे। मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य राज्य के नाम पर यह उपलब्धि होगी।'

▶▶ दिग्गज लेकर स्पिनर अनिल कुंबले ने भी जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया। कुंबले ने एक्स पर पोस्ट किया,'क्रिकेट के दिनों के मेरे साथी डेविड जॉनसन के निधन से बेहद दुखी हूं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। बेनी तुम बहुत जल्दी चले गए।'

▶▶ बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने भी जॉनसन के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शाह ने एक्स पर लिखा,'पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।'

▶▶ सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 'मेरे पूर्व साथी डेविड जॉनसन के निधन से गहरा दुःख हुआ। वह जिंदादिल थे और उन्होंने मैदान पर कभी हार नहीं मानी। मेरी संवेदनाएं उनके दोस्तों और परिवार के साथ हैं।'

**अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरे:** कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा,'हमें बताया गया कि वह अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिरे थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।' जॉनसन को तेज गति के लिए जाना जाता था। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 39 मैच में 125 विकेट और लिस्ट ए के 33 मैच में 41 विकेट लिए। प्रथम श्रेणी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 152 रन देकर 10 विकेट था जो उन्होंने रणजी ट्रॉफी में केरल के खिलाफ किया था। जॉनसन कर्नाटक की उस मजबूत गेंदबाजी इकाई का हिस्सा थे जिसमें अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, वेंकटेश प्रसाद और डोडा गणेश शामिल थे।

**तीरंदाज**

## भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके




एजेंसी ▶▶ अंताल्या

भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों गुरुवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं।

■ विश्व रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब

विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जाएगी। भारत ने धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की बदौलत क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। टीम कोटे से भारत अगले महीने पेरिस ओलंपिक में सभी पांच स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पधा) में हिस्सा लेने में सफल रहेगा। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे नंबर पर है।

दक्षिण कोरिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय महिला टीम रैंकिंग में आठवें नंबर पर है जबकि शीर्ष सात देश दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका और चीनी ताइपे पहले ही क्वालीफायर से ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

### सेमीफाइनल में फ्रांस से शूटऑफ में मिली हार

भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने यूक्रेन को 5-3 (53-52, 53-54, 57-54, 53-53) से हराया और अपना स्थान पक्का करने के लिए उन्हें एक और जीत की दरकार थी। पर सेमीफाइनल में उन्हें ओलंपिक के मेजबान देश फ्रांस से शूटऑफ में 4-5 (52-59, 56-57, 58-55, 57-53) (25-28) से पराजय मिली। कांस्य पदक के प्लेऑफ में भारतीय तिकड़ी जापान से सीधे सेट में 0-6 (51-55, 53-54, 53-54) से हार गई। धीरज, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की पुरुष तिकड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से 1-5 (58-58, 53-54, 57-58) से पराजित हुई।

## स्विटजलैंड ने स्कॉटलैंड से खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ कोलोन



जेरदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्विटजरलैंड ने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। 32 वर्ष के शाकिरी ने लगातार छठे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल दागा है जिसमें तीन विश्व कप और तीन यूरो चैंपियनशिप शामिल है। स्कॉटलैंड के लिए 13वें मिनट में स्कॉट मैक टोमिने के पास पर फेबियन शार ने पहला गोल दागा। शाकिरी ने 26वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस ड्रॉ के बाद स्विटजरलैंड के चार अंक है और वह ग्रुप ए में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है। जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली है।




### चेन्नईयिन ने ब्रैम्बिला को टीम से जोड़ा

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 सत्र से पहले गुरुवार को ब्राजील के मिडफील्डर लुका ब्रैम्बिला से एक साल का करार किया। ब्रैम्बिला इससे पहले साइप्रस के शीर्ष टीयर क्लब ओथेलोस एथियनोउ से जुड़े थे। इस तरह चेन्नईयिन एफसी ने आगामी सत्र से पहले नौवें खिलाड़ी से अनुबंध किया और यह उनका चौथा विदेशी खिलाड़ी भी है। इससे पहले एल्पिन्हो डायस, चीमा चुक्वु और विल्मर जोर्डन गिल क्लब से जुड़ने वाले विदेशी खिलाड़ी थे। मुख्य कोच ओवेन कोयल ने कहा, 'लुका ब्रैम्बिला शानदार खिलाड़ी है और युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके कौशल से काफी फायदा होगा।'

# ओलंपिक पूर्व शिविर में 27 खिलाड़ियों का चयन




एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने 21 जून से 8 जुलाई तक यहां भारतीय खेल प्राधिकारण परिसर में लगाए जाने वाले ओलंपिक पूर्व राष्ट्रीय शिविर के लिए गुरुवार को 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। भारत को ओलंपिक में पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से होगा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी।

चयनित टीम : गोलकीपर: कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा। डिफेंडर: हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, आमिर अली। मिडफील्डर: मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन फॉरवर्ड: मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, अराइजीत सिंह हुंदल।

**कार्यालय:- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गोहाना**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पुटठी में बिलासर वाला व रावली वाला तालाब की मत्सय पालन हेतू दिनांक 28.06.2024 को शिव मंदिर में प्रात 10:00 बजे खुली बोली का आयोजन किया जा रहा है इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय व तिथि पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकता है।
नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/–
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गोहाना।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभि/नि.–II/उत्तर रेलवे, चंडीगढ़ भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पठानकोट-जोगिंदर नगर (200 किमी) NG से BG गेज परिवर्तन के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS) किया जाना है जिसमें लेवेलिंग, एलाइनमेंट, मिट्टी की जांच, प्लान बनाना, एल–सेक्शन, पुलों आदि की जीएडी, मात्रा के बिल तथा डीपीआर की तैयारी से संबंधित अन्य सहायक गतिविधियां शामिल हैं। |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 महीने |
| 3 | लगभग काम की लागत | रु. 5,58,24,609/– |
| 4 | बयाना राशि बोली सुरक्षा राशि/ (ऑलाइन जमा की जानी है।) | 4,29,100/– |
| 5 | बोली जमा करने और खोलने की तिथि और समय | सम्पूर्ण बोली दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर IST 21.06.2024 (11:30 बजे) से 12.07.2024 तक देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। बोलीदाता को अपनी वित्तीय बोली और तकनीकी बोली **https://ireps.gov.in** पर 27.06.2024 से 12.07.2024 (11:30 बजे) तक जमा करनी होगी। ऑनलाइन प्राप्त हुई बोलिया दिनांक 12.07.2024 11:30 बजे उप मुख्य अभि/नि–II/चंडीगढ़ कार्यालय में खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | ई-निविदा का विस्तृत विवरण उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज **IREPS** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 27.06.2024 से 12.07.2024 (IST 11:30 बजे) तक अपलोड किया जा सकता है। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

**निविदा सूचना संख्या 6/W/C-II/CDG/Pathankot-Joginder Nagar/Gauge Conversion/2024 दिनांक 19.06.2024** 1849/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | गांव धोत्तड़ (एम.सी. रानियां) में खरीद केन्द्र में हाई मास्ट लाइटिंग का प्रावधान व स्थापना (माननीय सी.एम. घोषणा कोड 25452) | 19.06.2024 05.07.2024 | ईएमडी 32500/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/26982/I/88/6 दि. 20.06.24

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञा. सं. 16/2024** **प्रकाशन की तिथि : 21.06.2024**

आयोग स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग, हरियाणा में आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर (ग्रुप–बी) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। पदों का श्रेणी वार ब्रेक–अप निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | सामान्य/अनारक्षित | हरियाणा के एससी | हरियाणा के बीसी–ए | हरियाणा के बीसी–बी | हरियाणा के ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम (सामान्य) हरियाणा के | ईएसएम (एससी) हरियाणा के | ईएसएम (बीसीए) हरियाणा के | ईएसएम (बीसीबी) हरियाणा के | पीडब्ल्यूबीडी (ओएच) हरियाणा के |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 427 | 161 | 88 | 48 | 81 | 805 | 25 | 08 | 05 | 03 | 32 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 22.06.2024
(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 12.07.2024 अप. 05:00 बजे तक
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 12.07.2024 अप. 05:00 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 20.06.2024 हस्ता/– उप सचिव
संवाद–1156/13/256/2025/27008/88/6 दि. 20.06.24 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला

**कार्यालय:- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गोहाना**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गिवाना में डूगर वाला व जल्हा वाला तालाब की मत्सय पालन हेतू दिनांक 08.07.2024 को सामान्य चौपाल में प्रात 10:00 बजे खुली बोली का आयोजन किया जा रहा है इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय व तिथि पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकता है।
नियम व शर्ते मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/–
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गोहाना।

**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-01-Mix-2024 रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 02.07.2024 को 10:00 बजे**

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समापन होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-SHZ-GMU-23-23-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए Circulating एरिया मे समरहिल रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 10:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-JUDW-GMU-58-24-1 (खान पान जन्रल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टॅाल नं. 2 प्लेटफार्म न. 2 जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर ) | 02.07.2024 को 10:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-JPS-GMU-34-23-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए प्लेटफार्म न: 1 जमालपुर शेखो रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 10:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल महिला के लिए स्टाल सं. 2. प्लेटफार्म न. 1 नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 02.07.2024 को 11:00 बजे |
| 5 | Catg-UMB-NBA-GMU-64-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU जनरल के लिए स्टाल सं 2. प्लेटफार्म न. 1 नाभा रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:10 बजे |
| 6 | Catg-UMB-KRLI-SMU-38-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 कुराली रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:20 बजे |
| 7 | Catg-UMB-DKT-SMU-14-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछडा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 धूलकोट रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:30 बजे |
| 8 | Catg-UMB-SFMU-SMU-32-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 1 सुनाम बहादुर सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:40 बजे |
| 9 | Catg-UMB-MOT-SMU-13-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट) (SMU) अल्पसंख्यक श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 मलोट रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 11:50 बजे |
| 10 | Catg-UMB-GDB-SMU-11-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक (महिला) श्रेणी के लिए प्लेटफार्म न. 2 गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:00 बजे |
| 11 | Catg-UMB-BCU-SMU-10-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति के लिए प्लेटफार्म न. 1 भुचो रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:10 बजे |
| 12 | Catg-UMB-PUL-SMU-9-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछडा वर्ग (महिला) के लिए प्लेटफार्म न. 1 रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:20 बजे |
| 13 | Catg-UMB-SOL-SMU-56-24-1 खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहींद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए स्टाल न.1 प्लेटफार्म न.1 सोलन रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:30 बजे |
| 14 | Catg-UMB-PTA-SMU-59-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए स्टाल न. 12 प्लेटफार्म न. 1 पटियाला रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:40 बजे |
| 15 | Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टाल न. 2 प्लेटफार्म न. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 12:50 बजे |
| 16 | Catg-UMB-UMB-SMU-54-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (महिला) के लिए स्टाल न. 14 प्लेटफार्म न. 6/7 अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 13:00 बजे |
| 17 | Catg-UMB-SOL-SMU-20-23-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के लिए Circuldksing एरिया मालन रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 13:10 बजे |
| 18 | Catg-UMB-BOF-SMU-61-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अल्पसंख्यक श्रे.ी के लिए स्टाल सं. 2. प्लेटफार्म न. 2 बरोग रेलवे स्टेशन पर | 02.07.2024 को 13:20 बजे |
| 19 | Catg-UMB-DUI&SMU-62-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए सर्कुलेटिंग एरिया धूरी रेलवे स्टेशन पर) | 02.07.2024 को 13:30 बजे |

**नीलामी क. सं. UMB-WVM-04-2024; रेट यूनिट: वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समय: 03.07.2024 को 10:00 बजे**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-RPJ-WVM-15-23-1 (Missc-Static Services- 01 Water Vending Machine राजपुरा रेलवे स्टेशन पर) | 03.07.2024 को 10:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** को देखे।
**File No.NR-UMB0COML(CG)/91/2024-0/o DCM2/UMB/NR**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1859/24

## चिंतन

# गर्मी से हो रही मौतें, बढ़ रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे

तो क्या भीषण गर्मी जलवायु परिवर्तित होने की दस्तक है। अभी विकसित देशों के संगठन जी-7 की बैठक हुई, लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे और तापमान में कमी लाने के विषय पर कोई गंभीर चर्चा नहीं हुई, जबकि पेरिस क्लाइमेट करार के तहत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए विकासशील देशों की लागत की भरपाई विकसित देशों को ही करनी है। पर विकसित देश लगातार अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुरा रहे हैं। भारत समेत अन्य विकासशील देश कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सभी देशों को एकजुट होने की बात कर रहे हैं, पर विकसित देश अपना योगदान करने में आनाकानी कर रहे हैं। इस बार भारत समेत अनेक एशियाई देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका जैसे शीत देशों में भी मौसम चक्र बदल रहा है, वहां का भी तापमान बढ़ रहा है, अंटार्कटिका पर ग्लेशियर पिघलने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये सभी वायुमंडल में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष 1 मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ने उच्च तापमान 52 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड बनाया। एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, मालदीव, मलेशिया, सेशेल्स व पूर्वी एशिया के कई देशों में भीषण गर्मी पड़ी है, गर्मी जनित रोग बढ़े हैं, लू चली हैं, लोगों की मौतें हुई हैं। कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, इससे कहा जाने लगा है कि क्या पृथ्वी लोगों के जीवित रहने के लिए बहुत गर्म हो रही है? क्या इसके लिए तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है? गर्मी के संपर्क में अत्यधिक समय तक रहना स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है। चाहे वह बिजली संयंत्र में कोयला हो या वाहन में गैसोलीन- यह कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है। यह अदृश्य गैस वायुमंडल में बनती है और सूर्य की गर्मी को पृथ्वी की सतह के पास रोक लेती है। कोयला, तेल या गैस का हर टुकड़ा जो कभी जलाया जाता है, तापमान में थोड़ा और इजाफा करता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र मौसम अधिक स्थानों पर फैलने लगा है। जलवायु परिवर्तन सिर्फ गर्म, पसीने वाले मौसम की तुलना में बहुत अधिक समस्याएं पैदा करता है। हम अगर पृथ्वी को गर्म होने से बचाना चाहते हैं, तो कार्बन उत्सर्जन के हर स्रोत को बंद करना होगा या न्यूनतम करना होगा। ग्रीन एनर्जी को अपना चाहिए, क्वालिटी विकास पर ध्यान देना होगा। दुनिया को कार्बन उत्सर्जन रोकने की दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए।

# योग से स्वस्थ भारत का सपना



योग दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे सस्ता साधन है।

पिछले दो दशक में आध्यात्मिक कहे जाने वाले ज्ञान के बारे में पश्चिमी दुनिया के आमोखास की धारणा बदली है जिसमें योग भी एक है। दुनिया के तमाम देशों में वर्षों पहले भारत से गए योग के जानकारों ने योग का प्रसार कर दिया था, लेकिन 11 दिसम्बर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सबसे पहले 21 जून 2015 को इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का प्रस्ताव पारित होने से योग की सर्वजन उपयोगिता को माना गया। तब से उन देशों में आम जनता में योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई जो भारत को मदारियों वाला पिछड़ा देश घोषित कर चुके थे। आज दुनिया के तकरीबन 200 देशों के लोगों में योग के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है। उन पश्चिमी देशों में भी जहां भारत के बारे में उलटी धारणाएं थीं, वहां भी योग आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। दुनिया अब मानने लगी है कि जिंदगी को सुखी बनाने या कर्म (कार्य) करने की कुशलता जिससे आए उस तरीके को योग के जरिये सीखा जा सकता है।

आधुनिक विज्ञान अब धीरे-धीरे यह मानने लगा है कि आत्मा, प्राण, मन, बुद्धि और चित्त के जरिये ही इस अत्यंत जटिल मानव शरीर से ब्रह्मांड से जुड़ने का कोई तरीका हो सकता है। यह ब्रह्मांड जिसके निर्माण का रहस्य समझने में आज के वैज्ञानिक लगे हुए हैं, भारत के वैज्ञानिक जिसे ऋषि-महर्षि कहा जाता है को अरबों साल पहले समझ चुके थे। गौरतलब है ब्रह्मांड के रहस्य को वेदों में उद्घाटित किया गया है। वहीं शरीर विज्ञान को समझना हो तो नस-नाड़ियों, चक्रों, चेतना की स्थितियों, प्राणों का संतुलन और कार्य, मन की स्थितियों और कार्य और आत्मा के जरिये खुद का और परमात्मा की पड़ताल का विज्ञान रहस्यमय और सूक्ष्म है। योग के मुताबिक मानव शरीर में सात चक्र होते हैं। ये हैं- सहस्त्रार चक्र आज्ञा, अनाहत, विशुद्धि, मणिपूरक, मूलाधार एवं स्वाधिश्ठान चक्र। इन चक्रों का संबंध नाड़ी प्रणाली एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड से होता है। शरीर में स्थित ये सातों चक्र वातावरण से ऊर्जा ग्रहण करते हैं। नर्वस सिस्टम एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड एक लय से ऊर्जा एवं विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा को सही दिशा में प्रवाहित करते हैं तो मानव सेहतमंद बना रहता है, लेकिन यदि इसमें रुकावट आ जाए तो शरीर में कई तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। हम गौर करें तो पता चलता है, हमारा शरीर कई तरह की ऊर्जाओं को वातावरण से लेता है। इसमें कुछ ऊर्जा तो शरीर में खर्च हो जाती है और कुछ ऊर्जा संग्रहित होती है। हमारे शरीर में बारह अलग-अलग प्रकार के मुख्य मेरीडियन हैं, जिसके द्वारा शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जिन हिस्सों में ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है, वह हिस्सा सेहतमंद रहता है और जिस हिस्से में ऊर्जा का प्रवाह कम या ज्यादा होता है या इनमें रुकावट हो जाती है उस हिस्से में बीमारी पैदा हो जाती है। यह ऊर्जा का प्रवाह समुचित मात्रा में है या नहीं या रुकावट पूरी तरह से है इसे बायोफीड बैक ऊर्जा मापने वाले यंत्र द्वारा मापा जाता है। साथ ही ऊर्जा प्रवाह को इस यंत्र द्वारा संतुलित भी किया



जा सकता है। इन सभी तरह की क्रियाओं को योग के जरिये बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।

आज विश्व में योग से संबंधित अनगिनत योग पद्धतियां प्रचलित हैं, लेकिन इसके बावजूद इनका लक्ष्य सबको सुखी करना, सभी को निरोग करना और आत्म तथा ईश्वर साक्षात्कार करना नहीं बदला है। अनेक बदलावों के बावजूद योग आज विश्व स्तर पर भारत की पहचान के साथ जुड़ा हुआ है। योग का उद्भव वेदों से हुआ इसलिए इसके मूल स्वरूप को जानने के लिए वेदों से जुड़ना जरूरी है। वेद का अर्थ ज्ञान होता है। योग का अर्थ जोड़ना होता है। यदि दोनों को मिला दिया जाये तो योग ज्ञान के जरिये स्वयं को जानने का बेहतरीन तरीका सिखाने का कार्य योग करता है। तमाम लोग तप, ध्यान और आत्म-साक्षात्कार को योग मानते हैं। मुनि पतंजलि चित्त वृतियों के निरोध को योग कहते हैं। इसी तरह आत्मचिंतन, आत्म-साक्षात्कार, ईश्वर साक्षात्कार और साधना को वेद-शास्त्रों में योग बताया गया है। इसे हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जीवन की ऐसी सभी क्रियाएं जो सांसारिक और अलौकिक दोनों को सफल बनाएं उसे योग कहा जा सकता है।

योग की शुरुआत सबसे पहले खुद से जुड़ने से होती है। फिर अभ्यास के जरिये हम अपने श्वास, प्राण और हृदय से जुड़ते हैं फिर शरीर, मन और चित्त से जुड़ जाते हैं। यह जुड़ना बिना किसी विशेष प्रयास से भी हो सकता है और किसी के मार्गदर्शन में भी, लेकिन इसके लिए धैर्य, साहस, शक्ति और उत्साह की हर पल जरूरत होती है। जिसमें सद्गुण पहले से ही भरा होता है, वह योग के मार्ग पर बहुत ही सहजता के साथ बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ जाता है। योग एक जीवन पद्धति, एक शरीर विज्ञान और जीवनधर्म-सूत्र तो है ही यह सहज जीवन विद्या भी है। इस विद्या को समझने के लिए योग दिवस के जरिये दुनिया को उत्साहित करने का कार्य किया गया। जिसका असर अब दुनिया भर में दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और बेहतर जीवन विज्ञान परक बनाने की जरूरत है। इससे हर तरह के जहां रोग खत्म होंगे वहीं पर जीवन जीने का लक्ष्य ठीक समझ में आने लगेगा। योग दर्शन के मुताबिक जीवन का लक्ष्य या मकसद सबसे पहले खुद कों सेहतमंद रखते हुए दूसरों को भी सेहतमंद और सुखी रखने का होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हमारा मन, चित्त, हृदय और आत्मा सभी पवित्र और शक्तिशाली होंगे। योग दोनों को पवित्र भी बनाता है और शक्तिशाली भी बनाता है। आत्म साक्षात्कार यानी आत्मा को जानने व समझने के बाद उस परम सत्ता के साथ जुड़ने का तरीका यदि किसी के जरिये जाना जा सकता है तो वह योग साधना का ही तरीका है। यह ऐसा तरीका है जिसमें सबसे पहले खुद को संतुलित करने के बाद ही देश दुनिया को साधने की सामर्थ्य पैदा हो पाती है।

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। दुनिया में बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे बेहतरीन व सब के उपयोग का सबसे सस्ता साधन व तरीका है। आज हम दस साल बाद यह कहने की हालत में हैं कि दुनिया को निरोग और सुखी बनाने की भारत की योग के जरिये की गई पहल से दुनिया को बगैर किसी दवा के सेवन से सेहतमंद बनाने का कार्य किसी वरदान से कम नहीं है। जिससे दुनिया के हर व्यक्ति को फायदा मिल रहा है।

(लेखक आध्यात्मिक विषयों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
हर्षवर्धन पाण्डे




# वृत्तियों को रोकने का नाम योग

दुनिया में हर कोई अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त करना चाहता है। योग के बारे में कहा गया है कि माया से बढ़कर कोई बंधन नहीं होता और ज्ञान से बढ़कर कोई बंधु नहीं होता। अहंकार से बढ़कर कोई शत्रु नीर होता और योग से बढ़कर कोई बल नहीं होता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। भारतीय मनीषी तो सम्पूर्ण विश्व को परिवार घोषित करते हैं। यह अवसर हमें दुनिया को करीब से समझने-समझाने में मदद कर सकता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि अब बढ़ रही है। हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को योग विद्या दी थी, लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले बाबा रामदेव भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो देश सदियों से योग विद्या का साक्षी रहा है उस देश के अधिकांश युवा आज तथाकथित आधुनिक जीवन शैली और खान पान की खराब आदतों के कारण बहुत कम आयु में ही मधुमेह और ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। उन्हें इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया ने इतना व्यस्त कर दिया है कि वे अपने कर्तव्यों को तो भूले ही हैं, स्वयं अपने आप तक को भूल रहे हैं। मौजूदा दौर में शारीरिक श्रम लगातार कम हो रहा है। ऐसे में मन और बुद्धि सक्रिय होते हुए भी शरीर की निष्क्रियता बोझ बन रही है। ऐसे में योग कारगर साबित हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से त्रस्त थी तब उसे मात देने के लिए योग रामबाण साबित हुआ। हाल के वर्षों में हुए कई वैज्ञानिक अध्ययन भी इस बात को साबित करते हैं योग बीमारियों का उपचार है तो जांच भी है। सामान्य सांस लेने में हम 500 एमएल ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं,जबकि इस प्राणायाम को करने से 500 से 10,000 एमएल ऑक्सीजन हमारे शरीर को प्राप्त होती है। दिनभर अपने आसपास निगेटिव समाचार सुन-सुन कर हम सभी तनाव या अवसाद से घिर रहे हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए हमें प्राणायामों के साथ योग नियमित करना चाहिए। जब हमारे आसपास नकारात्मकता महसूस होने लगे तो अपने इष्टदेव के मंत्रों का जाप रोज योग और मेडिटेशन करते हुए करें। भारतभूमि अनादिकाल से पूरे विश्व में योग भूमि के रूप में विख्यात रही है, जिसका लाभ अब सम्पूर्ण विश्व को मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा के बाद पूरी दुनिया योग की महत्ता जान चुकी है। स्वयं की स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा का नाम योग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयत्नों से आज भारत के योग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। निश्चित ही यह सम्पूर्ण मानवता के लिए एक शुभ संकेत है। योग मनुष्य में सकारात्मकता और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो, क्योंकि निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है। योग कोई धार्मिक कर्मकांड नहीं है। गीता 'योग क्षेम वहाम्यहं' का उद्घोष करती है जिसका अर्थ है- अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना। दुनिया में ऐसा कौन है जो अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त न करना चाहते हो। यह कामना रखना अथवा इसके लिए प्रयास करना किसी एक धर्म के लोगों के लिए आरक्षित नहीं हो सकता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को यह योग विद्या दी थी लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। योग कला, विज्ञान और दर्शन आज दुनिया को भारतबोध करा रहा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इस बात की पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। प्राचीन भारतीय पद्धतियां शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों की जरूरतों का संपूर्ण उत्तर है। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग की महत्व बढ़ रहा है तो इसके लिए हर भारतीय को प्रसन्न ही होना चाहिए। महर्षि पतंजलि के अनुसार, 'योगश्चित्त वृत्तिनिरोधः'' अर्थात चित्त की वृत्तियों को रोकने का नाम योग है। हम सभी को भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने चित्त से सुदीर्घ जीवन के लिए प्रयास करने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

# हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
**प्रेरणा**

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। इतना ही संत कबीर दास ने तो गुरु का दर्जा भगवान से बढ़कर बताया है। उन्होंने लिखा है गुरु गोबिंद दोऊ खड़े काके लागू पाय। बलिहारी गुरु आपने जिन गोबिंद दियो बताये अर्थात मैं अपने गुरु के बलिहारी जाता हूं, जिन्होंने मुझे भगवान से मिलवा दिया। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेदार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।' संयुक्त परिवार क्यों टूट रहे हैं, इस पर चिंतन की जरूरत है। *– विनोद देवांगन, महासमुंद*

## ट्रेंड

### मिट्टी कैफे का उद्घाटन



समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति संपदा में मिट्टी कैफे का उद्घाटन किया। कर्मचारियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया जो राष्ट्रपति से मिलने और उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए उत्साहित थे।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### द्विदलीय समर्थन को महत्व दें



हाउस फॉरेन जीओपी के अध्यक्ष रिपमैक कॉल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ। भारत अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को द्विदलीय समर्थन को महत्व दें।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रोज़ाना लीक होता पर्चा



कैसी "परीक्षा पे चर्चा", जहां रोज़ाना लीक होता पर्चा! मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कैसे किया है-नीट, यूजीसी-नेट, सीयू ईटी में पेपर लीक, धांधली और घोर अनियमितताओं का अब पर्दाफ़ाश हो चुका है।
-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपराधियों के हौसले बुलंद



बिहार में सरकारी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि जब पीएम और सीएम दोनों सीएम के गृह जिला नालंदा में थे उसी वक्त सरकारी गुंडे स्कूल में घुस मुख्य अध्यापक को गोली मार तांडव मचा रहे थे।
-तेजस्वी यादव, राजद नेता

## करंट अफेयर

# द. कोरिया ने रूस-उ. कोरिया समझौते की आलोचना की



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए खतरा है और इसका रूस–दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है। दक्षिण कोरिया ने रूस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले आर्थिक प्रतिबंधों में शामिल होने के दौरान यूक्रेन को मानवीय और अन्य सहायता प्रदान की है।

## ऑफ बीट

# क्या पृथ्वी का वातावरण अब ज्यादा गर्म हो रहा



बोइज़, इडाहो के 12 वर्ष के जोसेफ का कहना है, 'मेरे माता–पिता ने कहा कि लोगों के रहने के लिहाज से ग्रह अत्यधिक गर्म हो रहा है। उन्होंने इसे जलवायु परिवर्तन बताया। इसका क्या मतलब है?' कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, लेकिन अधिकांश बसे हुए विश्व में, यह कभी भी 'लोगों के रहने के लिए बहुत गर्म' नहीं होने वाला है, खासकर अपेक्षाकृत शुष्क जलवायु में। जब बाहर शुष्क स्थानों में गर्मी होती है, तो अधिकांश समय हमारा शरीर पसीने के रूप में हमारी त्वचा से पानी और गर्मी को वाष्पित करके ठंडा हो सकता है। हालाँकि, ऐसे स्थान भी हैं जहाँ कभी–कभी खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र हो जाता है, विशेषकर जहाँ गर्म रेगिस्तान गर्म महासागर के ठीक बगल में होते हैं। जब हवा नम होती है, तो पसीना जल्दी से वाष्पित नहीं होता है, इसलिए पसीना हमें उस तरह ठंडा नहीं करता है जैसा शुष्क वातावरण में होता है। मध्य पूर्व, पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में, गर्मियों में गर्मी की लहरें समुद्र से आने वाली आर्द्र हवा के साथ मिल सकती हैं, और यह संयोजन वास्तव में घातक हो सकता है। उन क्षेत्रों में करोड़ों लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकांश के पास इनडोर एयर कंडीशनिंग तक पहुंच नहीं है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



हरियाणा सरकार

"हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर है। चाहे वह किसान हो, मजदूर हो या अंत्योदय परिवार, हरियाणा सरकार सदैव जनकल्याण के लिए कदम उठाती रहेगी।"

**- नायब सिंह**

"देश के पास आज ऐसी सरकार है, जो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, देश के संतुलित विकास के लिए समय का पल-पल और जनता की पाई-पाई जनता की भलाई के लिए लगा रही है।"

**- नरेन्द्र मोदी**



# हर जन को राहत

## ई-क्षतिपूर्ति

**रबी-2024 में क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 49,320 किसानों को वित्तीय सहायता**

**कुल क्षतिग्रस्त क्षेत्र**
**1,22,147.717 एकड़**

**कुल स्वीकृत राहत राशि**
**₹133,74,83,408**

## दयालु योजना

**दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना**

**आज 3527 लाभार्थियों को**
**₹ 131.14 करोड़**
**का वितरित होगा मुआवजा**

**इससे पहले**
**7674 लाभार्थियों को मिल चुका है**
**₹291.62 करोड़ का मुआवजा**

## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि

# श्री नायब सिंह

मुख्यमंत्री, हरियाणा

**दिनांक - 21 जून, 2024**
**समय - प्रातः 10 बजे**
**स्थान - बिट्स इंटरनेशनल स्कूल, भिवानी**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू के 66वें जन्मदिन पर उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने बधाई दी

**नई दिल्ली (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 66वें जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को उन्हें बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। बड़ी संख्या में नागरिकों और विभिन्न नेताओं ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए मुर्मू को शुभकामनाएं दीं, जबकि कुछ गणमान्य लोगों ने यहां राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात की।

### राजा सुब्रमणि थलसेना के अगले उप-प्रमुख होंगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि थलसेना के अगले उप-प्रमुख होंगे। सरकार ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुब्रमणि वर्तमान में थलसेना की मध्य कमान का नेतृत्व कर रहे हैं। वह उपेन्द्र द्विवेदी का स्थान लेंगे। उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत उपेन्द्र द्विवेदी 30 जून को अगले थलसेना अध्यक्ष होंगे।

### पूर्व सैनिकों के लिए आज रोजगार मेला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** करीब 40 कॉरपोरेट कंपनियां पूर्व भारतीय सैनिकों को जॉब ऑफर करेंगी। इस पहल में रक्षा मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कॉरपोरेट कंपनियां पूर्व सैनिकों को नौकरी देने के लिए वायुसेना स्टेशन पहुंच रही हैं। रक्षा मंत्रालय का पुनर्वास महानिदेशालय 21 जून को उत्तर प्रदेश के हिंडन स्थित वायुसेना स्टेशन के ऑडिटोरियम में पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है।

### चीन ने शिंजियांग में 630 गांवों के नाम बदले

**ब्रीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने उइगर मुसलमानों से जुड़े 630 गांवों और कस्बों के नाम बदल दिए हैं। न्यूयॉर्क स्थित ह्यूमन राइट वॉच और नॉर्वे की उइगर हेल्प ने मिलकर बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने उइगरों के लिए धार्मिक, ऐतिहासिक या सांस्कृतिक अर्थ वाले सैकड़ों गांवों और कस्बों के नाम बदल दिए हैं और उनकी जगह ऐसे नाम रखे हैं जो कम्युनिस्ट पार्टी की विचारधारा से मेल खाते हैं। दोनों संगठनों के किए गए शोध से पता चलता है कि अधिकांश गांवों के नाम 2017 से 2019 के बीच बदले गए।

## एक मार्च से लेकर 18 जून के बीच में भीषण गर्मी जारी

# लू से 110 की मौत, संदिग्ध तापघात के 40,000 से अधिक मामले आए

### आफतः इस मौसम में सबसे अधिक उत्तर प्रदेश झुलसा


अब राहत

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

इस वर्ष एक मार्च से लेकर 18 जून के बीच में देश के बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी ने कम से कम 110 लोगों की जान ले ली और 40,000 से अधिक लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश सबसे अधिक प्रभावित है। यहां लू और तापघात से करीब 36 लोगों की मौत हई है। उसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई हैं। एक अधिकारिक सूत्र ने बताया, ₹उपलब्ध आंकड़े राज्यों की ओर से दिए गए अंतिम आंकडें नहीं हैं। इसलिए यह संख्या बढ़ भी सकती है। आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ 18 जून को ही तापघात से छह लोगों की मौत हुई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में है, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है और केंद्र को ऐसे मरीजों की देखभाल के लिए अस्पतालों में विशेष इकाईयां स्थापित करने का परामर्श जारी करना पड़ा है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने निर्देश दिए कि सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए की अस्पताल गर्मी से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें। उन्होंने लू और तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारी की समीक्षा की। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा लू के मद्देनजर राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के लिए एक परामर्श जारी किया गया है।


मां की छांव

### दिल्ली में गर्मी की वजह से 24 घंटे में 22 लोगों की मौतें

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) और सफदरजंग समेत अन्य अस्पतालों में बीते 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 22 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। सफदरजंग अस्पताल के मुताबिक, गर्मी की वजह से बीमार पड़े 33 मरीजों को भर्ती कराया गया है। बीते 24 घंटे में 33 में से 13 रोगियों की मौत हो गई है। आरएमएल अस्पताल के सूत्र ने बताया कि अस्पताल में 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 22 लोगों को भर्ती कराया गया।

### ठाणे और पालघर में भारी बारिश, सूर्या नदी उफान पर



ठाणे/पालघर/गुवाहाटी (भाषा)। महाराष्ट्र के ठाणे और पड़ोसी पालघर जिले में रातभर भारी बारिश हुई और अधिकारियों ने भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए बृहस्पतिवार सुबह पालघर के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया। वहीं असम में भी बारिश का कहर जारी है। घरों में भी पानी भर गया है। राहत बचाव कार्य जोरों पर है। उधर मुम्बई में जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि पालघर में सूर्या नदी में बाढ़ आने के कारण मनोर में एक पुल डूब गया।

### सऊदी में गर्मी से 1000 हज यात्रियों की मौत व इनमें 70 भारतीय भी



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सऊदी अरब के मक्का में हज करने गए 1000 लोगों की गर्मी से मौत हो गई है। अलग-अलग देशों के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। एक अरबी डिप्लोमैट ने बताया कि मरने वालों में करीब 658 हाजी अकेले मिस्र के हैं। वहीं 1400 लोग अब भी लापता हैं। हालांकि सऊदी अरब की तरह से अब तक मरने वालों की संख्या को लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है। मिडिल ईस्ट में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच मक्का में 17 जून को तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 18 जून को थोड़ी राहत के साथ पारा 47 डिग्री रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 से 19 जून तक चले हज के बीच 70 भारतीय यात्रियों की भी मौत हुई है। हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुताबिक, इस साल सबसे ज्यादा 1,75,000 भारतीय हज यात्रा के लिए मक्का पहुंचे। सऊदी डिप्लोमैट्स ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि मरने वालों में मिस्र के यात्रियों की तादाद इसीलिए ज्यादा है, क्योंकि इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने हज के लिए रजिस्टर नहीं कराया था। सऊदी अरब के अधिकारियों के मुताबिक, मक्का पर जलवायु परिवर्तन का गहरा असर हो रहा है। यहां हर 10 साल में औसत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है।



## पीएम मोदी ने नैंसी समेत अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नैंसी पेलोसी समेत अमेरिका के द्विदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा कि माइकल मैककॉल के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ। भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में मजबूत द्विदलीय समर्थन की मैं बहुत सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री से पहले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने 19 जून को विदेश मंत्री एस.जयशंकर और विदेश सचिव विनय क्वात्रा से भी मुलाकात की थी।

### अमेरिकी बिल से डरा चीन

अमेरिका ने हाल ही में तिब्बत के मामले पर एक विधेयक पारित किया है। इसमें उसने तिब्बत की आजादी का समर्थन किया है। जल्द ही इस विधेयक पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो.बाइडन हस्ताक्षर कर सकते हैं। चीन इसे लेकर लगातार अमेरिका को चेतावनी देने में लगा हुआ है कि वह तिब्बत के मामले से दूर रहे। यह चीन का आंतरिक मामला है।

### संजय सिंह ने हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी लेने के लिए विपक्षी गठबंधन से समर्थन मांगा



नई दिल्ली (भाषा)। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी लेने की लड़ाई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का समर्थन मांगा। संजय सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिल्ली में गहराए जल सकंट के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। वे प्रदर्शन करते हैं और नाटकबाजी करते हैं। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी लेने के लिए 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगी।

#### दिल्ली सरकार के लगाए आरोप बेबुनियादः अभय

नई दिल्ली(ब्यूरो)। हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधान राज्यमंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने दिल्ली सरकार के उन आरापों को बेबुनियाद बताया है कि हरियाणा देश की राजधानी को कम पानी दे रहा है। दिल्ली में पानी की किल्लत दिल्ली की आंतरिक खराब व्यवस्था के कारण है।

## नए सिरे से कानून होगा लागू!

### ईडी को मिलेगी और ताकत, पीएमएलए को किया जाएगा सख्त, विमर्श जारी

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्र सरकार 'प्रीवेंशन ऑफ मनी लांडरिंग एक्ट' में तीन बडे संशोधन पर गंभीरता से विचार कर रही है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इंडियन पिनल कोड (आईपीसी) की जगह एक जुलाई से लागू हो रही 'भारतीय न्याय संहिता' (बीएनएस) औपचारिक रूप से देशभर में लागू होने के बाद पीएमएलए कानून को नया रंग रूप देकर नए सिरे से इसे भी लागू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि वित्तमंत्रालय ने संशोधन का प्रस्ताव कानून मंत्रालय के साथ ही गृहमंत्रालय, ईडी, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट, सीबीआईसी में मंत्रणा को भेजा है। अगर सहमति बनी तो संसद के मॉनसून सत्र में पीएलए संशोधित विधेयक 2024 पारित कराया जा सकता है।

#### ये हो सकता है संशोधन

*पीएमएलए को संशोधित क्रिमिनल-लॉ के साथ कुछ नये क्लॉज जोडकर तय किया जाएगा कि पीएमएलए के तहत जिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हो रही हो उसकी कुर्क संपत्ति पर संबंधित बैंक का कब्जा हो जिससे लोन उठाया गया हो। पीएमएलए के तहत धारा 109 और 113 ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड टेररिज्म एक्टिविटीज को भी संशोधित एक्ट में शामिल करने का प्रस्ताव है। इन धाराओं को शामिल कर लिया गया तो ईडी के पास अपार शक्तियां होंगी।*

#### विदेश मंत्री श्रीलंका पहुंचे, शीर्ष नेतृत्व से की मुलाकात

## जयशंकर व विक्रमसिंघे ने की समुद्री बचाव समन्वय केंद्र की औपचारिक शुरुआत

भाषा ▶▶ कोलंबो

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से बृहस्पतिवार को समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र की संयुक्त रूप से शुरुआत की। समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र के निर्माण के लिए भारत ने 60 लाख डॉलर का अनुदान दिया है। जयशंकर सुबह श्रीलंका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति से मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और बिजली, ऊर्जा, संपर्क, बंदरगाह बुनियादी ढांचे, विमानन, डिजिटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।



#### द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर प्रगति को सराहा

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभिन्न द्विपक्षीय परियोजनाओं और पहलों पर हुई प्रगति की सराहना की।'

### राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में कार्रवाई की

## 20000 करोड़ बैंक कर्ज धोखाधड़ी में छापेमारी

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र - दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। बृहस्पतिवार सुबह से दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, मुंबई और नागपुर में करीब 35 व्यावसायिक और




आवासीय परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### एनआईए का झारखंड में 19 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में नक्सलियों द्वारा लेवी वसूले जाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत प्रतिबंधित माओवादी संगठन के विभिन्न संदिग्धों के ठिकानों पर पिछले दो दिन में व्यापक छापेमारी की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी बुधवार और बृहस्पतिवार को झारखंड के गिरिडीह और बोकारो में 19 विभिन्न स्थानों पर की गई। तलाशी में आपत्तिजनक दस्तावेज, मोबाइल, सिम कार्ड और अन्य सामग्री बरामद की।

## मोदी की चेतावनी: अमन के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

एजेंसी ▶▶ जम्मू

- मोदी ने 1,500 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया
- आर्टिकल-370 की दीवार गिर चुकी है, सही मायने में अब हुआ संविधान लागू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने 'युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जब जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्वल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। मोदी ने साफ कर दिया है कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्ज मिल सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जारी हैं। पीएम ने कहा कि सबको बांटने वाली दीवार अनुच्छेद 370 हटा दी गई है और प्रदेश में सभी को समान अवसर और अधिकार मिल रहे हैं। पीएम मोदी ने बीते दिनों में जम्मू के कई जिलों में हुए आतंकी हमलों पर कहा- हमारी सरकार ने हालिया हुए आतंकी हमलों को गंभीरता से लिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25